संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



चुनाव आयोग ने तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को लेकर बैठक की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 111 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072


actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

### आदर्श विचार



"ज्यादा खुश होने पर और ज्यादा दुखी होने पर निर्णय नहीं लेना चाहिए।"
-भागवद गीता

### मन की बात



"जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।"
-स्वामी विवेकानंद




## इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर: मोदी

= ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगेः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अलीगढ़ः भाजपा के** वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो वह सबकी सम्पत्ति की जांच कराएंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी सम्पत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अलीगढ़ की जनता से प्रार्थना करने और आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आए दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आए दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है। मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है। पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया।



### 'मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर आया'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है।

### पीएम ने राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विवि दिया हैः योगी

**सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री** मोदी ने अलीगढ़ के लिए सबकुछ किया। राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय (विवि) दिया है। कॉरिडोर दिया है। पांच सौ सालों के बाद आप सब ने अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक होते देखा है। अलीगढ़ की जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ मतदान करेगी।

**हमला बोला**

8 मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के साथ सोमवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचकर वहां पूजा-अर्चना की। उन्होंने वहां सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

## चारधाम यात्राः पांच दिन में पंजीकरण की संख्या 12 लाख के पार

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा की शुरूआत 10 मई से होने जा रही है, जिसको लेकर प्रदेश सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश सरकार के सुनियोजित प्रयासों का ही परिणाम है कि पहले पांच दिनों में 12 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। यह आंकड़ा आने वाले समय में और तेजी से बढ़ेगा। पिछले दो वर्ष में चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही अन्य पर्यटन स्थलों पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुगम और सुरक्षित चारधाम यात्रा हो, यही सरकार का प्रयास है।

## बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** ममता बनर्जी की सरकार को एक बड़ा झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण श्रेणियों में की गई सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इसमें ग्रुप-सी और ग्रुप-डी श्रेणियों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल थे। खंडपीठ ने यह भी निर्देश दिया कि नियुक्ति पाने वालों को चार सप्ताह के भीतर उनके द्वारा लिया गया पूरा वेतन वापस करना होगा। उन्हें यह रकम 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ लौटानी होगी। डब्ल्यूबीएसएससी को नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, खंडपीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले में जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा कि सीबीआई किसी भी व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है,

जिसे वह आवश्यक समझती है। खंडपीठ ने सुपर-न्यूमेरिक पदों के सृजन के राज्य कैबिनेट के फैसले पर भी संज्ञान लिया। डिविजन बेंच के आदेश के मुताबिक, जरूरत पड़ने पर सीबीआई सुपर-न्यूमेरिक पोस्ट बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड से भी पूछताछ कर सकती है। ऐसा माना गया कि अवैध रूप से भर्ती किए गए अयोग्य उम्मीदवारों के लिए ही सुपर-न्यूमेरिक पद बनाए गए थे। कोर्ट ने मानवीय आधार पर एक उम्मीदवार सोमा दास के मामले में एकमात्र अपवाद बनाया है। कैंसर की मरीज होने के कारण उनकी भर्ती रद्द नहीं की जायेगी। खंडपीठ के आदेश के मुताबिक, डब्ल्यूबीएसएससी को सभी ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) शीट भी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी, ताकि आम लोग उन तक पहुंच सकें। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बसाक और न्यायमूर्ति रशीदी की खंडपीठ का गठन किया गया था।



**तगड़ा झटका**

8 हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं; ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला



**टीम एक्शन इंडिया**

**सूरत:** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे। देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है। लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए।

## बदरी-केदारनाथ धामों में ऑनलाइन पूजा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड के बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑन लाइन पूजाओं के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। दोनों धामों के लिए अब तक 6975 श्रद्धालुओं ने 01 करोड़ 20 लाख से अधिक धनराशि की ऑनलाइन पूजाओं की बुक करायी है। बदरीनाथ-केदारनाथ मदिर समिति (बीकेटीसी) की अधिकारिक वेबसाइट पर 15 अप्रैल से (सोमवार) 22 अप्रैल दिन तक एक सप्ताह में 6981 श्रद्धालुओं ने ऑन लाइन पूजायें बुक करायी है।

## सियाचिन पहुंचे राजनाथ, जवानों का हौसला बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची "बैटल फील्ड" में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए "ऑपरेशन मेघदूत" की 40वीं वर्षगांठ मनाई लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच आज सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे।



**जवानों के साथ**

8 माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को मिठाई खिलाई

## 'मैं इन्सुलिन की मांग करता रहा हूं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर और इन्सुलिन की डोज को लेकर बीते कुछ दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। आम आदमी पार्टी (आआप) से मिली जानकारी के अनुसार, केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को एक चिट्ठी लिखी है। केजरीवाल ने जेल सुपरिटेंडेंट को लिखा है कि अखबार में आपका बयान पढ़ा, वो बयान गलत है। आपका झूठा बयान पढ़कर बहुत दुख हुआ। उन्होंने आगे लिखा है कि तिहाड़ प्रशासन का पहला बयान (अरविंद केजरीवाल ने इन्सुलिन का मुद्दा कभी नहीं उठाया) सरासर झूठा है। मैं पिछले 10 दिन से लगातार इन्सुलिन का मुद्दा उठा रहा हूं, दिन में कई बार उठा रहा हूं। जब भी कोई डॉक्टर मुझे देखने आया तो मैंने बताया कि मेरा शुगर लेवल बहुत हाई है। मैंने ग्लूको-मीटर की रीडिंग दिखा कर बताया कि दिन में 3 चेक किया गया और शुगर लेवल 250-320 के बीच जाता है। मैंने बताया कि फास्टिंग का शुगर लेवल रोज 160-200 पर रहता है।



**पत्र लिखा**

8 केजरीवाल ने इन्सुलिन की मुद्दे को लेकर तिहाड़ जेल सुपरिटेंडेंट को एक चिट्ठी लिखी

## कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंगेली/रायपुरः** बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा सोमवार को मुंगेली जिले के लोरमी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है। लोरमी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आ छत्तीसगढ़ की मां कौशल्या की भूमि में मेरा आगमन हुआ है।

## 'घोषणापत्र की कॉपी पीएम कार्यालय भेजेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिए गए एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिए हैं। वहीं कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी। रविवार को प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा रैली के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किए थे। प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। पीएम मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान से जोड़कर कही जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, "...क्या हर महिला को सालाना 1 लाख रुपये देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है?



**पलटवार**

8 प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी

## बंगाल में थी 26/ 11 जैसे हमले की योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी। पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था। एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था।



**काबू किया**

8 अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया

**कानून व्यवस्था** मुख्यमंत्री सुक्खू ने पालमपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक घटना की पीड़िता के परिवार के लोगों से मुलाकात की

## सरकार उठाएगी पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च : मुख्यमंत्री सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/पालमपुर**

**पालमपुरः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर में बीते दिनों हुई हृदय विदारक घटना की पीड़िता के परिवार के लोगों से सोमवार को मुलाकात की। धर्मशाला से सुजानपुर आते समय मुख्यमंत्री सुलह में नाल्टी दा पुल के पास एकत्रित लोगों से मिले और उनकी बात सुनी। पीड़िता के माता-पिता पीजीआई चंडीगढ़ में बेटी के साथ हैं। इसलिए परिवार के अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को पूरी घटना के बारे में बताया। उन्होंने हमलावर के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद कहा कि पालमपुर की दर्दनाक घटना से दुखी हूँ। पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च हिमाचल सरकार उठाएगी। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। एसपी कांगड़ा को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। घटनाक्रम के बाद से रोजाना पुलिस अधिकारियों से अपडेट लिया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। केवल गिरफ्तारी हमारा उद्देश्य नहीं है। ऐसी घटनाओं को क्यों अंजाम दिया जा रहा है, उस दिशा की तरफ बढने की जरूरत है। हम जानना चाह रहे हैं कि इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं।

प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है। किसी को कानून तोडने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ खेल मंत्री यादविंदर गोमा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार, कैबिनेट रैंक सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान आईटी सलाहकार कैबिनेट रैंक गोकुल बुटेल, ओएसडी रितेश कपरेट, चेयरमैन संजय चौहान, विशाल चंबियाल इत्यादि मौजूद रहे।



**दुख में साथ**

8 पालमपुर की दर्दनाक घटना से दुखी हूँ। पीड़ित बिटिया के इलाज का पूरा खर्च हिमाचल सरकार उठाएगी

# पिछले पंद्रह महीनों में प्रदेश सरकार ने दे रखी है अपराधियों को अपराध करने की खुली छूट की गारंटी: गोविंद ठाकुर

## कहा प्रदेश की कानून व्यवस्था लगातार बद से बदतर होती जा रही है और सरकार आंखों पर पट्टी बांध बैठी है

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: एक** के बाद एक हो रहे अपराधिक मामले प्रदेश की सुक्खू सरकार की दोयम दर्जे की कानून व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं और कांग्रेस सरकार आंखों में पट्टी बांधे बैठी है। यह आरोप पूर्व मंत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी गोबिंद ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछले पंद्रह महीने से अपराधियों को खुली छुट की गारंटी सुक्खू सरकार दे रही है। उन्होने कहा कि पूरा प्रदेश लच्चर कानून व्यवस्था के कारण गंभीर परिणाम भुगत रहा है और समाज का हर वर्ग में असुरक्षा का डर बना हुआ है। उन्होंने पालमपुर में एक युवती पर हुए जानलेवा हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं हिमाचल जैसे प्रदेश में नहीं होती थी परंतु कमजोर नेतृत्व और कमजोर सरकार के कारण ऐसे अपराधियों के हौंसले सातवें आसमान पर है और खुलेआम दराट और तलवारें लेकर किसी की भी जान लेने का डर इन लोगों में नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा समाज में ऐसी घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं और कड़ी कार्यवाही इस प्रकार के मामलों में होनी चाहिए। उन्होने



कहा की महिला वर्ग पर हो रहे अपराध प्रदेश में लगातर बढ़ रहे हैं जो अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा यह कोई ऐसा पहला मामला नहीं है की अपराधी खुलेआम बिना डर के ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इससे पहले चाहे शिमला में हत्या का मामला हो चाहे नालागढ़ में सरेआम गोली मारने की घटना हो, चाहे चंबा में हत्या कर लाश के टुकड़े टुकड़े करने की घटना, राज्य की कांग्रेस सरकार एक के बाद हो रही ऐसी घटनाओं से सबक नहीं ले रही है और लगातार प्रदेश हिंसा और अराजकता की आग में जल रहा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस सरकार में हर प्रकार का अपराध बेखौफ होकर फ लफू ल रहा है चाहे वह अवैध खनन हो, अवैध नशा हो। लगातार प्रदेश सरकार के उदासीन रवैया से प्रदेश के हालात गंभीर होते जा रहे हैं और जिसके लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि मंडी शहर से लेकर कांडा पतन तक व्यास नदी में कोई ब्रिज न होना अति दुखदाई है। व्यास नदी में घेरू बल्ह के रूपलाल की डूब जाने मौत होना दुखदाई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य बताए कि केंद्र सरकार से जो 3000 करोड़ प्रदेश सरकार को पुलों के निर्माण के लिए आए थे वो कहां है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रैंडमाइजेशन संम्पन

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: लोकसभा** चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रैंडमाइजेशन संम्पन। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय सूचना केंद्र के एनआईसी कक्ष में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन छंटनी की गई। यह छंटनी जिले के 575 मतदान केंद्रों में लोकसभा चुनाव संम्पन किये जाने के लिए तैनात किए जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 3316 कर्मियों के डाटा की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस. रवीश ने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए कुल्लू जिले के

**छंटनी**

**8 तैनात किए जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 3316 कर्मियों के डाटा की गई है**

चार विधानसभा क्षेत्रों के लिये पहली रिहर्सल दो चरणों में 24 अप्रैल व 26 अप्रैल, 2024 को की जाएगी। जिसके तहत मनाली विधान सभा क्षेत्र में रिहर्सल 24 अप्रैल, 2024 को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सम्बद्ध खेल संस्थान, अलेऊ, मनाली में तथा आनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल राजकीय स्नातक महाविद्यालय मैदान आनी स्थित हरिपुर में 24 अप्रैल 2025 को होगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू विधान सभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों की रिहर्सल राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कुल्लू में व वंजार विधान सभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल 26 अप्रैल, 2024 को मेला मैदान बंजार में होगी। उन्होंने कहा कि दूसरी रैंडमाइजेशन 16 मई 2024 को होगी जिसके अनुसार पोलिंग पार्टियों का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, जिला सूचना विज्ञानं अधिकारी ब्रिजेन्द्र डोगरा, कुल्लू, तहसीलदार निर्वाचन वीना कुमारी, व नायब तहसीलदार ज्वाला दास उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### पालमपुर की घटना से पूरे लॉ एंड ऑर्डर पर सवाल खड़े करना गलत

**चमन शर्मा**



**शिमला** : बीते रोज हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में दिनदहाड़े एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से एक युवती पर हमला किया। इस हमले में युवति पूरी तरह से जख्मी हुई और उपचाराधिन है ऐसे में इस मामले पर प्रदेश में राजनीति भी गरमा गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इस पूरे मामले को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरा और प्रदेश सरकार के कार्यकाल में प्रशासन व्यवस्था के चरमराने की बात कही। अब इसको लेकर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने प्रतिक्रिया दी है उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लॉ एंड ऑर्डर से जुड?ा गलत बताया है। इस दौरान प्रदेश में मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के लिए नरेश चौहान ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा का इस मामले के जरिए पुरी प्रशासन व्यवस्था पर सवाल उठना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण के बाद अगर प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती तो इस तरह का सवाल उठाया जाना वाजिद था लेकिन प्रशासन तुरंत हरकत में आया और उचित कदम उठाए गए उन्होंने कहा कि इस कांड को लॉ एंड ऑर्डर से जोड?ा ठीक नहीं है। नरेश चौहान ने कहा सरकार की पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है और पीड़ित परिवार को हर सहायता दे रही है। मुख्यमंत्री भी आज पीड़ित परिवार से मिलने भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जल्द से जल्द इस मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाए। इस दौरान नरेश चौहान ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रहा है लेकिन सरकार के भी विपक्ष से कुछ प्रश्न है। उन्होंने कहा कि लगातार भाजपा के लोग सरकार के बैसाखी पर होने की बात कह रहे हैं। प्रदेश में 4 जून के बाद सरकार के गिर जाने की बात कर रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार को गिराने का भाजपा का यह मॉडल क्या लोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनता ने जयराम ठाकुर सरकार के मॉडल को नकारा और कांग्रेस को पूर्ण बहुमत की सत्ता सौंपी। विपक्ष में आने के बाद भजापा ने सरकार को गिराने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। प्रदेश की जनता भाजपा के इस मॉडल को देख रही है और चुनाव में इसका जनता जवाब देगी।

# मोबिल- 1 मोटर ऑयल ने 50 वर्ष पूरे किये

**शिमला: एक्सॉन मोबिल को** वैश्विक बाजार में मोबिल– 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50 वीं वर्षगाँठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल साझेदारी,मोटर स्पोट्र्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल–1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा।पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरूआत करने और फिर मोबिल–1 ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल –1ब्रांड गैस–संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पाँच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है।मोबिल –1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है।इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है।

मोबिल–1 ग्लोबल ब्रांड मैनेजर लॉरा बस्टर्ड ने कहा, एक्सॉन मोबिल एक क्रांतिकारी सिंथेटिक मोटर ऑयल के रूप में मोबिल–1ब्रांड की विरासत पर बहुत गर्व महसूस करता है।50 साल पहले अपनी स्थापना से ही मोबिल–1 मोटर ऑयल ने लगातार गुणवत्ता और प्रदर्शन के मानक स्थापित किए हैं और अगले 50 वर्षों तक इसमें सुधार और उत्कृष्टता जारी रहेगी।

# युवा कांग्रेस ने चुनाव को लेकर तैयार की रणनीति

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित नाहन विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक में आगामी रणनीति तैयार की गई। नाहन युवा कांग्रेस के अध्यक्ष ऋ षिपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विधानसभा क्षेत्र के कई युवाओं ने भाग लिया। बैठक में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जालटा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं को घर.घर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इसके साथ-साथ शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार करने के लिए युवा




कांग्रेस की टीम का गठन किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को भी आड़े हाथ लिया और पूछा कि जिला सिरमौर के युवाओं के लिए उन्होंने क्या किया? जब हिमाचल में आपदा आई तो उस समय वह कहां थे? इन सबका खामियाजा उन्हें इस बार के लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

बैठक में नाहन शहरी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आमिर, अमन, आराधना, बिनीश, प्रमोद, धनवीर, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अफीम के 380 पौधें किए बरामद, मामला दर्ज



**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** मुख्यालय नाहन के अंतर्गत पुलिस ने अवैध रूप से उगाए गए अफ ीम के 380 पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी राजपाल पुत्र बाबूराम निवासी धोबघाट डाकघर सुरला तहसील नाहन जिला सिरमौर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना नाहन की टीम गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त व्यक्ति ने अपने खेतों में अवैध रूप से अफीम की खेती की है। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने उक्त स्थान पर दबिश दी और मौके से अफ ीम के 380 पौधे बरामद किए। जिसके बाद आरोपी राजपाल के खिलाफ पुलिस थाना कालाअंब में मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा मामले में आगामी कार्यवाही की जा रही है।

# अनुबंध कर्मचारियों के नियमितीकरण को रोकने के लिए भाजपा ने डाला दबाव

## कर्मचारियों को नियमित करना एक रूटीन प्रक्रिया है, जिसके लिए राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति माँगी थी

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के चीफ अनुराग शर्मा ने कहा है कि चुनाव आयोग ने भाजपा के दबाव में अनुबंध व दैनिक भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण को रोक दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को नियमित करना एक रूटीन प्रक्रिया है। जिसके लिए राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति माँगी थी, लेकिन भाजपा के दबाव में चुनाव आयोग ने फाइल रोक दी है। जबकि पहले भी चुनाव के दौरान कर्मचारियों के नियमितीकरण को अनुमति मिलती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दबाव बनाकर अनुबंध व दैनिक भोगी कर्मचारियों को अधिकार से दूर कर दिया है।

अनुराग शर्मा ने कहा कि भाजपा शुरू से ही कर्मचारी विरोधी रही है। इसलिए भाजपा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने से इनकार किया थाए जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के लिए ओपीएस बहाल की है। उन्होंने कहा कि यही भाजपा लगातार महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन प्रदान



करने की प्रक्रिया में अड़ंगे लगा रही है। चुनाव आयोग पर दबाव बनाकर भाजपा नेता 1500 रुपए पेंशन देने की योजना को रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपना चुनावी वादा निभाते हुए 18 वर्ष से अधिक की आयु की पात्र लड़कियों एवं महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना आरम्भ की है, जिसके तहत प्रत्येक पात्र को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत फार्म भरने का कार्य शुरू किया गया है तथा महिलाओं को इसका लाभ मिलना आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस योजना के लिए बाकायदा 800 करोड़ बजट का प्रावधान किया है, लेकिन भाजपा महिलाओं को दी जा रही पेंशन को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के चीफ ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने ही प्रदेश की 2.42 लाख महिलाओं को मिलने वाली 1000 या 1150 रुपये मासिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर 1500 रुपये कर दिया है।

# गंगूराम मुसाफिर की पार्टी में वापसी पर कांग्रेस में नजर आई टकराव की स्थिति

**चमन शर्मा**

**शिमला:** 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी से बगावत कर पच्छाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव में उतरने वाले गंगूराम मुसाफिर की पार्टी में वापसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस में टकराव की स्थिति नजर आई। जिसको लेकर अब पार्टी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने स्पष्टीकरण दिया है। दरअसल बीते रोज पूर्व विधायक और पार्टी से बगावत के चलते निष्कासित चल रहे गंगूराम मुसाफि र प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। खूब गाजे बाजे के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने गंगूराम की कार्यालय में एंट्री करवाई। लेकिन शाम होते.होते प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से पत्र जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया गया कि गंगूराम मुसाफिर कि अभी पार्टी में वापसी नहीं हुई है मामला के पास लंबित है।

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव रजनीश किमटा ने कहा की बीते रोज पुर्व विधायक गंगूराम मुसाफिर की पार्टी में वापसी को लेकर स्पष्टीकरण कार्यालय की ओर से जारी किया गया था उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी में वापसी को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई थी। रजनीश किमटा ने कहा की पूर्व विधायक गंगूराम मुसाफिर ने बेशर्त माफी नामा देकर पार्टी में वापसी की बात कही थी अभी वह पूरा मामला पार्टी के प्रोसीजर के तहत एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के संज्ञान में है अभी तक वहां से इस मामले पर कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है लिहाजा उनकी वापसी अभी कांग्रेस पार्टी में नहीं हुई है।

# सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट (नेवी) नानक चंद ने स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

**एसपी जैरथ**

**नाहन: जिला** सिरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोलर में भारतीय सेना के आनरेरी लेफ्टिनेंट नेवी सेवानिवृत्त नानक चंद ने अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के 12वीं परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार प्रदान दिए। 12वीं की वार्षिक परीक्षा मार्च 2023 में विद्यालय में प्रथम रहे छात्र जतिन को 20000 रुपए, द्वितीय रही हिमाली को 15000 रुपए एवं तृतीय स्थान पर रहे हर्ष को 10000 रुपए की



नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। साथ ही विद्यालय की छात्रा रात्र खतीजा और रुखसैना को एक-एक हजार की राशि प्रोत्साहन भेंट की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के संबोधित करते हुए नानक चन्द ने भविष्य में भी इस प्रोत्साहन राशि को जारी रखने की बात कही। विद्यालय प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने नानक चन्द के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का प्रोत्साहन बच्चों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करेगा बल्कि उन्हें आगे बढने के लिए भी प्रेरित करेगा।

# एसडीएम गोहर ने दिलाई मतदान की शपथ

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: लोकसभा** चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए स्वीप टीम और सहायक चुनाव अधिकारी गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आज इसी के चलते मा भी पाणा वोट थीम के तहत एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में स्वीप टीम के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप तथा टीम के सदस्य सुरेश तथा योगेश ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी और रजवाड़ी में मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में



उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। बच्चों को बताया गया कि आप अपने घर में जाकर भी यह बताएं कि कोई मतदाता सूची से पंजीकृत होने से ना वंचित रहे। अगर ऐसा है तो भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी 4 मई तक 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा करवा सकते हैं। साथ ही 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रेरित किया गया कि आप इस दिन अपने घरों से और लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान कर नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस चुनाव में नाचन में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। जिसमें पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वित्तीय स्थान पाने वाले बच्चों जो एसडीएम गोहर ने सर्टिफि केट बांटे। रजवाड़ी स्कूल के पेंटिंग में स्नेहा और पूनम, नारा लेखन में प्रियंका और काजल, भाषण में भूमिका और निशान क्रमशः प्रथम और द्वित्तीय स्थान पर रहे। बग्गी स्कूल के पेंटिंग में महक और नवजोत, नारा लेखन में नवजोत और अर्पिता, भाषण में जिज्ञासा और करण क्रमशः प्रथम और द्वित्तीय स्थान पर रहे।

# किलो के हिसाब से बिका सेब, अगले सीजन से यूनिवर्सल कार्टन होगा लागू: हर्षवर्धन

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** पर निशाना साधते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार अन्नदाताओं और युवाओं के हितों की रक्षा करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि युवाओं और किसानों के हकों की पैरवी करने वाले भाजपा नेता यह भूल रहे हैं कि पिछली भाजपा सरकार ने किसानों और युवाओं को हाशिए पर धकेलना का काम किया।हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि किसानों के शुभचिंतक होने का ढोंग करने वाले भाजपा नेता यह भूल रहे हैं कि केंद्र की भाजपा सरकार के किसान विरोधी बिलों के विरोध में किसानों ने देश का सबसे बड़ा किसान आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए किसानों और पशुपालकों का उत्थान प्राथमिकता में शुमार हैं, इसलिए सरकार ने पशुपालकों और किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाय के दूध के समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि करते हुए इसे 32 रुपये से बढकर 45 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस के दूध के समर्थन मूल्य को 47 रुपए से

**विरोध**

**8 किसानों के हकों की पैरवी करने वाले भाजपा नेता यह भूल रहे हैं कि पिछली भाजपा सरकार ने किसानों और युवाओं को हाशिए पर धकेला**

बढकर 55 रुपये प्रति लीटर किया गया है। उन्होंने कहा कि दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य है, जिससे पशुपालकों की आय में बढ़ौतरी हो रही है। साथ ही, प्रदेश के पशुपालकों को लाभान्वित करने के लिए जिला



कांगड़ा के डगवार में लगभग 226 करोड़ रुपये की लागत से स्टेट ऑफ द आर्ट दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र लगाया जाएगा जिससे दूध के अनेक तरह के उत्पाद तैयार कर पशुपालकों के दूध का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार यह भलीभांति जानती है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करके ही आत्मनिर्भर हिमाचल के सपने को साकार किया जा सकता है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना के तहत लगभग 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड? का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं को 40 रुपये और मक्की को 30 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला लिया है जो पूरे देश में गेहूं और मक्की पर दिया जाने वाला सबसे अधिक समर्थन मूल्य है। उन्होंने कहा कि बागवानों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सेबए आम और नींबू प्रजाती के फ लों के समर्थन मूल्य में 1.50 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि कर 10.50 रुपये से बढ़ाकर 12 रुपये प्रतिकिलो किया गया है। इसके साथ ही इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों का सेब किलो के हिसाब से बिकाए जिससे उन्हें फायदा हुआ। प्रदेश सरकार ने अगले सीज? से हिमाचल प्रदेश में यूनिवर्सल कार्टन को लागू करने का निर्णय लिया है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार के यह निर्णय दशार्ते हैं कि प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों को प्राथमिकता प्रदान कर उनका कल्याण और उत्थान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को किसानों और बागवानों के हितों में लिए जा रहे निर्णय रास नहीं आ रहे और कांग्रेस को मिल रहे अपार जन समर्थन से वे बौखलाहट में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

# राजस्व अधिकारी 2 वर्ष से पुराने मामलों का जल्द करे निपटाराः अनुपम

**निर्देश**

8 न्यूनतम समय अवधि में करें निपटाराए ताकि आमजन के समय और धन की बचत हो सकें

**चमन शर्मा**

**शिमलाः निशानदेही,** तकसीम, रिकवरी, 2 व 3 बिस्वा भूमि आबंटन, अतिक्रमण एवं राजस्व से जुड़े अन्य लंबित मामलों का न्यूनतम समय अवधि में करें निपटाराए ताकि आमजन के समय और धन की बचत हो सके। यह निर्देश आज उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने राजस्व विभाग की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करना राजस्व अधिकारियों का प्राथमिक कार्य है। उन्होंने 2 वर्ष से पूर्व की अवधि वाले लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने को कहा।उन्होंने कहा कि जमीन की उपलब्धता न होने के कारण जो पैसा उपमण्डलाधिकारियों के पास लंबित पड़ा है, उसकी सूचना जिला कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें ताकि उस पैसे का सदुपयोग अन्य विकास कार्यों में लाया जा सके।अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला में रिकवरी के काफी मामले लंबित पड़े हुए हैं, इस दिशा में भी उचित कार्यवाही करते हुए अधिकारियों को उन पैसों की रिकवरी करने की आवश्यकता है ताकि विभाग को किसी भी प्रकार की आय का नुकसान न हो। उपायुक्त ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम के दृष्टिगत हमें तैयारियां तत्काल प्रभाव से करने की आवश्यकता है ताकि इस दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने क्षेत्र में असुरक्षित भवनों आदि को चिन्हित कर उस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो।उन्होंने कहा कि इसके साथ.साथ सेब सीजन जिला में एक महत्वपूर्ण घटक हैए इस दृष्टि से भी हम सभी को कार्य करने की आवश्यकता है ताकि बागवानों एवं किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह चुनाव का समय है। इस समय अधिकतर राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर कार्य करना पड़ता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस दौरान क्षेत्र में आगामी बरसात एवं सेब सीजन के दृष्टिगत भी मुआयना करने को कहा ताकि चुनाव के उपरांत इस दृष्टि से कार्य किया जा सके। अनुपम कश्यप ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी लोग जिम्मेदारी से कार्य करे तथा इस दौरान किसी भी प्रकार की कोताही न बरते ताकि चुनाव का सफल निष्पादन हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को चुनाव के सभी प्रोटोकॉल की अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा।




# सुक्खू सरकार चुनाव से पहले दंगा कराने जैसी स्थिति बनाना चाहती हैः बिंदल

**साधा निशाना**

8 विधायक को भरी सभा में कुटने, मारने, धमकी देने की बात कहते हुए प्रदेश में गुंडो को खुली छूट दे दी

**चमन शर्मा**

**शिमलाः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की सरकार प्रदेश में चुनाव से पहले दंगा कराने जैसी स्थिति बनाना चाहती है। एक चुने हुए विधायक को भरी सभा में कुटने, मारने, धमकी देने की बात कहते हुए प्रदेश में गुंडो को खुली छूट दे दी जिसका परिणाम हुआ पालमपुर में दिन दिहाड़े युवती के उपर धारदार हथियार से 12 बार-बार करके उसे अधमरा कर दिया और एक की जान ले लीए यह मामला रूका नहीं है। मुख्यमंत्री के उपर हम आरोप लगाते हैं कि उनके उकसाने के बाद बद्दी की भयानक घटना हुई जहां सरेआम गोलियां चली। चम्बा की नृशंस हत्या के बाद से लेकर आज तक की सभी घटनाएं इस बात को साबित करती है कि गुंडो को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और हिमाचल के अनेक स्थानों की जनता खौफ के साये में जी रही है। एक भी घटना पर मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री व मंत्रियों द्वारा खेद व्यक्त न करना, माफ ी न मांगना और भी चिंताजनक बात है। सिरमौर में नुक्कड़ सभाओं में डॉ. बिन्दल ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में जिला सिरमौर के समस्त विकास कार्य कांग्रेस पार्टी ने, कांग्रेस सरकार ने बंद करा दिए हैं। 90 से ज्यादा संस्थान जिनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, कॉलेज, तहसील, उप तहसील, पटवार सर्कल व अन्य कार्यालय शामिल है और यह कार्यालय जनता को सेवाएं दे रहे थेए चले हुए थे, इन्हें बद करके सिरमौर की जनता के साथ सुखविन्द्र सरकार ने धोखा किया है।



## संक्षिप्त खबरें

### नेवी कर्मियों की समस्याओं को निपटाने के लिए 24 को आएं बिलासपुरः मनोज राणा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** जिला बिलासपुर के नेवी के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं तथा उनके आश्रितों को सूचित करते हुए उप निदेशक सैनिक कल्याण बिलासपुर मनोज राणा बताया कि भारतीय नौसेना पोत इण्डिया के अधिकारी 24 अप्रैल को उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बिलासपुर में सुबह दस बजे आएंगे। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ मे सभी नेवी के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं तथा उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि उन्हें यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो वे अपने सैन्य दस्तावेजों के साथ जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 24 अप्रैल 2024 को आना सुनिश्चत करें। ताकि आप की समस्यों का समाधान किया जा सके। और साथ में नौसेना के अधिकारी स्पर्श पेंशन साइट में जो डाटा दर्ज करने में कठिनाई आ रही है उसकी जानकारी भी उपलब्ध करवाएगे।

### निशान देही के नाम पर लापरवाही

**हामिद**

**चंबाः ठेकेदार** को लॉट के नाम पर पेड़ों की गलत निशान देही के मामले में वन विभाग की कोताही सामने आई है। जिस वनरक्षक को गलत निशान देही करने पर चार्ज शीट करना था उसे विभाग द्वारा दो बार प्रमोट किया गया जो अपने आप में एक अनोखा मामला है। उल्लेखनीय है कि जिस जांच टीम ने इस वनरक्षक के खिलाफ पेड़ों की निशानदेही में लापरवाही वर्तने की बात उजागर की थी हैरानी की बात है कि एक लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी अभी तक भी वन विभाग उस वनरक्षक को चार्ज शीट ही नहीं कर पाया। शिमला हेड क्वार्टर से आई एक टीम वन निगम तथा विभाग के अधिकारी भी इस मामले की वर्ष 2017 तथा 2019 में जांच कर चुके हैं टीम ने भी वनरक्षक को चार्ज शीट करने की सिफारिश की थी लेकिन कुछ नहीं हो। यह मामला एक बार सुर्खियों में तब आया जब एक आरटीआई कार्यकर्ता ने वन विभाग से इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे इन दस्तावेजों के मुताबिक वनरक्षक को चार्ज शीट करने के लिए ड्राफ्ट बनाया गया था मगर उस पर अमल नहीं हो पाया। अब इस आरटीआई कार्यकर्ता ने इस रिपोर्ट को प्रिंसिपल कंजरवेटर फॉरेस्ट शिमला एक पत्र के जरिए उठाया है तथा इस मामले की जांच मांगी है। जानकारी के अनुसार चुराह वन मंडल के तहत टिकरी रेंज में 700 पेड़ों को काटने के लिए लॉट लगाया गया था जिस ठेकेदार को यह काम मिला उसने जंगल में जाकर देखा तो लॉट में दिखाए गए पेड़ वहां मौजूद ही नहीं थे जंगल में सिर्फ 60 से 70 पेड़ों पर ही खुदान किया था इसे देख ठेकेदार डर गया और उसने लॉट में गलत निशान देही को लेकर वन निगम के कार्यालय में शिकायत की शिकायत के बाद वन विभाग और वन निगम के अधिकारियों की टीम ने लॉट का जब औचक निरीक्षण किया तो पेड़ों की निशान देही गलत निकली। इसमें वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई। इस के तहत वन विभाग ने अपने डिप्टी डेंजर और एण एम ण्को चार्ज शीट कर दिया मगर वन विभाग के वनरक्षक को इस मामले में आज तक कार्रवाई नहीं हुई। नरेंद्र कुमार ने वन विभाग और सरकार से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो। उधर मुख्य अरण्य पाल अभिलाष दामोदरन ने बताया कि इस मामले में चार्ज शीट ड्राफ्ट शिमला भेज दिया गया है अब वहां से जो भी दिशा निर्देश होंगे उसके अनुरूप तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

### आबकारी विभाग की छह जिलों में छापेमारी, 6805 लीटर अवैध शराब जब्त

**शिमलाः लोकस**भा चुनाव के दौरान अवैध शराब की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग ने अभियान चलाया है। इसके तहत सोमवार को छह जिलों चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला, कुल्लू और सोलन के बद्दी में छापेमारी कर 6805 लीटर अवैध शराब व लाहन बरामद की है। राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से विभाग द्वारा गठित 59 टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों व प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि विभाग की जिला चम्बा की टीम ने तीसा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों कुड्डी व तरेला में 2550 लीटर लाहन जब्त कर नष्ट की है। गत सप्ताह चम्बा जिला की टीम ने तीसा क्षेत्र के कठिन इलाकों कुथला, दुमास व झन्नास में लगभग 3300 लाहन बरामद कर नष्ट की है। राजस्व जिला नूरपुर की टीम ने पुराना गंगथ क्षेत्र में 1500 लीटर लाहन बरामद की। जिला हमीरपुर की टीम ने भी एक घर की तलाशी के दौरान 86 बक्से (1032 बोतलें) शराब बिना दस्तावेजों के बरामद की व हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम 2011 के अन्तर्गत कार्यवाई करते हुए एफआइआर दर्ज की।

उन्होंने कहा कि जिला शिमला, मंडी व कुल्लू की टीमों ने इस सप्ताह क्रमशः 515, 191 व 141 लीटर अवैध शराब जब्त की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई को

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** मोटर व्हीकल चालान के मामलो को ऑन लाइन, ई-पे के माध्यम से व न्यायालय में आकर लोक अदालत से पूर्व भी निपटाया जा सकता है। मनीषा गोयल,सचिव (सिनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 11 मई, 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दिन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व मुकद्दमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से सम्बंधित मुकद्दमें, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है। वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है। अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है। तो वह आवेदन कर सकता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की मुक्त कानूनी सहायता या सलाह के लिए प्राधिकरण के हैल्पलाईन नंबरों, टोल फ्र ी नंबर 15100 हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला, सचिव (सीनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-224887 और उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं के दूरभाष नंबर पर 01978-254080 पर संपर्क कर सकता है।

# बिलासपुर डियारा सेक्टर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** हनुमान मंदिर सामुदायिक भवन एवं निर्माण समिति बिलासपुर के प्रधान अनिल वात्सायन, उपप्रधान राज कुमार राय तथा सचिव अजय चंदेल ने प्रैस को जारी बयान में बताया कि 23 अप्रैल यानि मंगलवार को नगर के डियारा सेक्टर में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। इसी आशय को लेकर मंदिर परिसर में उप प्रधान राज कुमार राय की अगवाई में तैयारियां जोरों पर चली हैं। सोमवार को मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मंगलवार के कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए उपप्रधान राज कुमार राय ने बताया कि सुबह आठ बजे से कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि आठ बजे से व्रंत धारियों के लिए फ लाहार में फ्रूट चाट, कॉफ ी व आलू टिक्की वितरण शुरू हो जाएगी। नौ बजे से सुंदर कांड का शुभारंभ होगा जो साढ़े ग्यारह बजे तक चलेगा। साढ़े 11 बजे हवन यज्ञ की पूणार्हुति होगी।



# पालमपुर की घटना देवभूमि का शर्मसार करने वालीः नीलम

**राजन पुरी**

**ऊनाः** प्रदेश के पालमपुर बस स्टैंड में युवती पर हुआ जानलेवा हमला देवभूमि को शर्मसार करने वाला कलंक है। यह बात करणी सेना महिला विंग की जिला अध्यक्ष नीलम कुमारी, सदस्यों में सुमन, किरण, आशु, साक्षी, तानिया राणा, ज्योति, डिंपल, इंदु बाला और निशा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कि युवती पर जानलेवा हमला होना कानून व्यवस्था की लाचार कार्य प्रणाली का नतीजा है। नीलम कुमारी ने कहा कि प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन को ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

# धरती बचाओ, जीवन बचाओ का दिया संदेश

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल में धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस पर छात्रों द्वारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य पृथ्वी का सम्मान एवं रक्षा करना है। इस अवसर पर कक्षा 4 से 8 तक के छात्रों ने बढ़-चढकर भाग लिया छात्रों द्वारा स्लोगन, कविताओं, चित्रों के माध्यम से पृथ्वी को सुंदर और हरा भरा बनाने का संदेश दिया। कक्षा चौथी से पहला स्थान क्षितिज, दूसरा स्थान मयशा और तीसरा स्थान प्रिंशिका ने प्राप्त किया। कक्षा पांचवी से पहला स्थान शानवी सिंह, दूसरा मालविका और तीसरा स्थान अभिमन्यु ने प्राप्त किया। कक्षा छठी से पहला स्थान पर्निता, दूसरा स्थान रिजुल और तीसरा स्थान अपूर्वा और प्रज्वल ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं से पहला स्थान आर्या, दूसरा स्थान सिया और प्राची और तीसरा स्थान परनवी ने प्राप्त किया। कक्षा आठवीं से पहला स्थान रिद्धि, दूसरा स्थान नितिका और तीसरा स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया।



# ईसपुर में खेत से गेंहू की फसल चोरी

**राजन पुरी**

**ऊनाः पुलिस** थाना हरोली के तहत ईसपुर में एक खेत से गेंहू की फसल चोरी से काटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राकेश कुमार निवासी ईसपुर ने बताया कि गत 4 अप्रैल को ज्योति वाला, पन्ना ठाकुर व अमृत सैनी निवासी ईसपुर ने इसके खेत से बिना इसकी अनुमति के गेहूं काट ली है। जिसकी शिकायत राकेश कुमार ने हरोली पुलिस को दी है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**हामिद**

**चंबाः पूरे** विश्व में धरती को संरक्षित करने के लिए हर साल नए विषय के साथ 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में डीएवी पब्लिक स्कूल हरदासपुर चंबा में भी पृथ्वी दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। इस वर्ष पृथ्वी दिवस 2024 की थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक रखी गई है। गौरतलब है कि पृथ्वी दिवस मनाने की शुरूआत 22 अप्रैल 1970 को अमेरीकी सीनेटर व पर्यावरणविद् गेलॉर्ड नेल्सन ने की थी।मनुष्यों की गलत गतिविधियों के कारण, आज पूरे देश के सामने जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसमें वायु प्रदूषण सबसे महत्वपूर्ण घटक है। इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए हर देश के कौने-कौने में विश्व पृथ्वी दिवस मानकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है। इसी जागरूकता का प्रसार-प्रचार करने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल हरदासपुरा में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। बच्चों ने नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। कक्षा नवी और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्रांगण, खेल के मैदान तथा विद्यालय के आसपास की साफ.-सफाई की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा आठवीं सी के ईशान द्वितीय स्थान पर आठवीं और कक्षा की महक तथा तृतीय स्थान पर आठवीं और कक्षा की विधि पठानिया रही। इस अवसर पर सामाजिक-विज्ञान के अध्यापक मनीष ठाकुर ने बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमें अपनी पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त तथा साफ -सुथरा रखने का प्रयास करते रहना चाहिए। इस प्रकार विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया।



**जलवायु परिवर्तन**

8 लोगों को जागरूक करने के लिए हर देश के कौने-कौने में विश्व पृथ्वी दिवस मानकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता

# भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का किया वर्णन

## सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती हैः कथावाचक अंकुश शर्मा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** गुग्गा मंदिर गुग्गा मोहड़ा में आयोजित भागवत कथा में कथावाचक अंकुश शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माताण्पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह संसार भगवान का एक सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल खिले हुए हैं। जब-जब कोई अपने गलत कर्मो द्वारा इस संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर सजनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं। मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए।



# विज्ञान ज्योति ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया

## नोडल अध्यापिका ने अभिभावकों को विज्ञान ज्योति प्रोग्राम के बारे में अवगत करवाया

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** सोमवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में विज्ञान ज्योति ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विज्ञान ज्योति पंजीकृत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठीपुरा, रघुनाथपुरा, नम्होल, जुखाला और जेएनवी कोठीपुरा की छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रही। इस सत्र में विज्ञान ज्योति नोडल अध्यापिका शैल बाला तथा विज्ञान संकाय के सभी सदस्य उपस्थित थे। नोडल अध्यापिका ने अभिभावकों को विज्ञान ज्योति प्रोग्राम के बारे में अवगत करवाया कि इस प्रोग्राम के अंतर्गत दसवीं कक्षा की छात्राओं को सी-स्टेम गतिविधियां करवाई जाएंगी।

जिसमें छात्राएं विभिन्न प्रयोग करेंगी और 12वीं कक्षा की छात्राओं की ऑफ लाइन कक्षाएं स्कूल में ही करवाई जाएगी। जिसमें उन्हें नीट और जेईई की कोचिंग दी जाएगी तथा प्रति माह 12वीं कक्षा की हर छात्रा को 1000 की स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान अनुसंधान क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें प्रेरित करना था।

विद्यालय के प्राचार्य सतीश चंद्र जोशी ने भी अभिभावकों से बातचीत की और बताया कि पूरे भारतवर्ष में विज्ञान के क्षेत्र में मात्र दो प्रतिशत से भी कम की भागीदारी

महिलाओं की है, इसलिए छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में बढ़-चढकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्हें अनुसंधान क्षेत्र में अपना करियर सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित किया।




**प्रेरित कराया**

8 इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विज्ञान अनुसंधान क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें प्रेरित करना था।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड के बच्चों ने रैली निकाल मनाया पृथ्वी दिवस

**राजन पुरी**

**ऊनाः स्कॉलर्स** यूनिफाइड स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन भी किया। प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग मनुष्य जाति के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आ रही है। जिसका कहीं न कहीं पृथ्वी पर भी नकारात्मक असर है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे पहले पर्यावरण को संरक्षित करना आवश्यक है। जिसके लिए वनों के कटान को रोकने के साथ अधिक से अधिक पौधारोपण करना और उन पौधों को वृक्षों के रूप में विकसित करना आज के समय की जरूरत बन चुका है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य अदिति शर्मा, शिक्षकों में उपेंद्र चंदेल, राजीव शर्मा, साहिल गौतम, कुशल कुमार, नीलम कुमारी, पूजा, मीनू, डिंपी व रेणु सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।



# बहड़ाला में दुकान में भड़की आग, 22 लाख का नुकसान

## दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच पाया आग पर नियंत्रण

**राजन पुरी**

**ऊना: जिला मुख्यालय** के साथ लगते बहड़ाला में नेशनल हाइवे किनारे स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान में आग भडक गई। आग की इतनी भयंकर थी कि दुकानदार को दुकान का लेंटर तक तोड ?ा पड़ गया। आग की घटना में अंदर रखा करीब 22 लाख रुपए के सामान का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग ऊना की दो गाडि ?ों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। साथ ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक बहड़ाला निवासी दीपक कुमार पिछले लंबे समय से स्थानीय बाजार में कन्फेक्शनरी की दुकान करता था। रोजाना की भांति रविवार रात्रि दुकान बंद कर दीपक कुमार अपने घर चला गया। देर रात्रि अचानक दुकान में बाद आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दीपक कुमार को दी। दीपक ने मौके पर पहुंचकर पाया कि दुकान से धुआं निकल रहा है। शटर से भी निकल रहे धुएं के चलते लैंटर को तोड ?ा पड़ा और आग की जानकारी दमकल विभाग ऊना को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की दो गाडि ?ों मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। भीषण अग्रिकांड़ में 5 फ्रिज, 2 एलईडी, 3 जूस की मशीन, 2 आइसक्रीम मशीन, 2 दाल की मशीन, एक इनवर्टर, एक एसी, फर्नीचर, प्लाईबोर्ड फिटिंग, 3 पंखे, कुर्सियां, 3 लकड़ी के टेबल, ऑटो-स्पेयर पाट्र्स व सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे पटवारी शिव कुमार, प्रधान रमेश चंद, उप प्रधान अभिनाश राणा, जिला परिषद सदस्य गुलजार सिंह ने मौके का मुआयना किया।

उपप्रधान अभिनाश ने सरकार व प्रशासन से दीपक कुमार को उचित मुआवजे के मांग उठाई है। उधर, दमकल विभाग ऊना के इंचार्ज नितिन धीमान ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दो गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया गया।

# बरनोह सड़क हादसे में कार सवार दो जख्मी, एक पीजीआई रेफर

**हादसा**

8 सडक किनारे खड़ी पिकअप ट्राले में टकरा गई। टक्कर जोरदार थी कि कार की छत्त पूरी तरह से उड़ गई

**राजन पुरी**

**ऊना: थाना** ऊना के तहत बरनोह में एक कार नील गाय से टकराने के बाद अंनियंत्रित होकर सडक किनारे खड़ी पिकअप ट्राले में टकरा गई। टक्कर जोरदार थी कि कार की छत्त पूरी तरह से उड़ गई। वहीं हादसे में कार चालक व उसका साथी घायल हो गया। इनमें से कार चालक को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मनप्रीत



सिंह निवासी राजनी बरनाला, बंगाणा सोमवार सुबह कार में अपने साथी संग घर से ऊना की ओर आ रहा था। बरनोह के समीप कार नील गाय से टकराने के बाद सडक किनारे खड़ी पिकअप से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार सवार मनप्रीत सिंह व उनका साथी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। जहां से मनप्रीत सिंह को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में पृथ्वी दिवस धूमधाम से आयोजित

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: उप** मंडल गोहर की प्रतिष्ठित डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इको क्लब द्वार रेली का अयोजन कर आम जनता को अपने आसपास साफ -सफ ाई रखना, पर्यावरण को स्वच्छ रखना, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर पेड़ लगाना का आह्वान किया गया। इको क्लब के सदस्य द्वारा इसके साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। छोटे बच्चों द्वारा कविता पाठ

# 'कांग्रेस का अस्तित्व एक क्षेत्रीय दल से ज्यादा कुछ नहीं रह गया'

**अलग-थलग**

8 कांग्रेस डूबता हुआ जहाज जिसमें सवार होने से हर कोई डर रहा हैं: भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल

**चमन शर्मा**

**शिमला: कांग्रेस** डूबता हुआ जहाज जिसमें सवार होने से हर कोई डर रहा हैं। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सेरी कोठी और जल में जनसम्पर्क किया और जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कांग्रेस का अस्तित्व एक क्षेत्रीय दल से ज्यादा कुछ नहीं रह गया हैं। 41से ज्यादा दलों के इक्ठ्ठा होने पर बनाया



इंड़ी गठबंधन से आज आधे से ज्यादा दल किनारा कर चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने चुनाव घोषणा पत्र जिसे कांग्रेस ने न्यायपत्र का नाम दिया हैं वो जनता को बताए कि क्या वो मात्र कांग्रेस का मेनिफेस्टो हैं या तमाम इंडी गठबंधन का जिसे सिर्फ कांग्रेस अध्यक्ष और राहुल गाँधी द्वारा रिलीज किया गया हैं। ऐसे में उस मेनिफेस्टो की प्रासांगिकता कितनी रह जाती हैं यह जनता के लिए सोचने का विषय हैं।उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जहां 400 सीटों के लिए लड़ रही है वहीं कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है। विधायक राकेश जमवाल ने कहा 2014 और 2019 में भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी और 2024 में भी हम प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे। हिमाचल की चारों की चारों लोकसभा सीटें भी इसमें शामिल होंगी। प्रदेश में कांग्रेस अपना कुनबा नहीं संभाल पा रही है तो इसका ठीकरा दूसरों पर फोडना उचित नहीं है। जिन झूठे वादों के बदौलत कांग्रेस हिमाचल में सत्ता में आई उसमें से एक भी पूरा नहीं कर पाई। उनके खुद के विधायक उनके खिलाफ मोर्चा खोले रहते हैं। आपसी समन्वय की बिलकुल कमी हैं पिछले कल का ही उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा गंगू राम मुसाफिर जैसे वरिष्ठ नेता को पहले दिन प्रदेशअध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस ज्वाइन करवाई और दूसरे दिन कार्यालय द्वारा उसको लंबित करना, ये देख कर तो मुसाफिर जी यहीं गुनगुना रहे होगें मुसाफिर हुँ यारों न घर हैं ना ठिकाना।

उन्होंने कहा आज कांग्रेस के पास दिखाने को कुछ नहीं है। उनके पास न विजन है, ना मिशन है। वहीं दूसरी ओर नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत बनाने का एक संकल्प लिया है। आत्मनिर्भर भारत आज सफ ल हुआ है।

स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अप इंडिया मुद्रा योजना सुनिधि पीएम विश्वकर्मा जैसी अनेकों योजनाओं के माध्यम से हमने पिछले 10 वर्षों में देश की वह सेवा की है जो कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं कर पाई। आज पूरे देश को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है क्योंकि मोदी जो कहते हैं वह करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीरनिगाह मंदिर में श्रद्धालुओं की बाइकें नहीं है सेफ

**राजन पुरी**

**ऊना: उत्तर** भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पीरनिगाह मंदिर में अगर आप कोई वाहन लेकर आ रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा का इंतजाम भी स्वयं कर लें। यहां पर श्रद्धालुओं की बाइक चोरी होना आम बात है। हैरानी तो इस बात को लेकर है कि मंदिर कमेटी के अपने कर्मियों की भी बाइक मंदिर में सेफ नहीं है। ताजा मामला रविवार शाम का है, जहां पर पहुंचे दो श्रद्धालुओं की बाइक चोरी हुई है। लगातार मंदिर में हो रही बाइक चोरी के चलते जहां आने वाले श्रद्धालुओं में दहशत है, तो वहीं मंदिर कमेटी पर भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस को दी शिकायत में जतप्रीत सिंह निवासी डीसी कॉलोनी ऊना ने बताया कि रविवार शाम दोस्त दलविंद्र कुमार व जतिन चौधरी निवासी मोहल्ला बेहली ऊना के साथ बाइक संख्या एचपी 72 7383 पर पीरनिगाह मंदिर पहुंचे। जहां पर मैंने व मेरे दोस्त जतिन ने अपनी बाइक लंगर हाल के सामने खड़ा करके मंदिर मे माथा टेकने चले गए। जब हम माथा टेकने के बाद वापिस अपनी मोटर साईकल के पास आए, तो मेरी बाइक गायब थी। बाइक की तलाश में मंदिर के सुरक्षा कर्मी सुभाष चंद्र निवासी बसोली से पूछात, तो सुरक्षा कर्मी हमारे साथ मंदिर के गेट के बाहर आया। जतप्रीत सिंह ने बताया कि सुरक्षा कर्मी संग बाइक ढूंढ रहे थे, तो पता चला कि सुरक्षा कर्मी सुभाष चंद्र की भी बाइक संख्या एचपी 12के 8455 मंदिर के गेट के बाहर से गायब हो गई। जतप्रीत ने बाइक की काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। जतप्रीत ने बताया कि हमने सुभाष चंद्र के साथ गेट के बाहर सीसीटीवी कैमरा को चैक किया, तो उसमें एक लडका सुभाष चंद्र की बाइक चोरी कर ऊना की तरफ ले जाता हुआ दिखाई दिया। मामले को लेकर जतप्रीत सिंह पुलिस को शिकायत दी है। ये चोरी का कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी पीरनिगाह मंदिर से बाइकें चोरी हुई है, जिससे श्रद्धालु अपनी वाहन पार्क करने से डरते हैं।

**जगह-जगह लगाएं हैं सीसीटीवी:** ग्राम पंचायत बसोली व पीरनिगाह मंदिर कमेटी की प्रधान शशी वाला ने माना कि मंदिर में बाइक चोरी होने के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले रोज मंदिर कर्मी की भी बाइक चोरी हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी द्वारा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि चोरों को काबू किया जा सके।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज:** एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि शातिर को जल्द काबू किया जा सके।

### अप्पर देहलां में अवैध शराब सहित एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत अप्पर देहलां में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार रात्रि ऊना पुलिस की टीम अप्पर देहलां में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने हरविंद्र सिंह निवासी वार्ड नंबर एक, अप्पर देहलां से एक पेटी अवैध शराब बरामद की। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने हरविंद्र सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाथड़ी में लखदाता पीर का हुआ गुणगान

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल हरोली के तहत बाथड़ी में लखदाता पीर जी का जन्म रविवार रात्रि को बड़ी धूमधाम से मनाया। लखदाता पीर मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पीरां दी शोभायात्रा निकली गई। दरबार सेवादार खुशी राम ने बताया है कि यह दो दिवसीय सालाना जोड़ मेले के कार्यक्रम का आयोजन हर साल किया जाता है। धार्मिक कार्यक्रम में रात्रि को डालेवाल से मूलराज एंड पार्टी बाबा ने पीर लखदाता का गुणगान किया। धार्मिक समागम में सोनू भगत देनोवाल गढ़शंकर वाले विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर सेवादार खुशी राम, सुखराम भाटिया, रामपाल, डॉ रणजीत सिंह, डॉ मलकीत सिंह, डॉ जरनेल सिंह, विक्की भाटिया, सतु भाटिया, मोनू, जरनैल सिंह व शमशेर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लचर, महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध के मामले: डॉ. सीमा ठाकुर



**चमन शर्मा**

**शिमला :** सुख की सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था की हालात बहुत बदतर हैं। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ सीमा ठाकुर ने शिमला में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार में प्रदेश की महिलाओं की स्थिति खराब है। उन्होंने कहा कि चम्बा में मंदिर के एक प्रहरी द्वारा नाबालिग 9वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां भोरंज के इलाके में महिला के बाल काटकर उसका मुंह काला कर दिया गया और पूरे क्षेत्र में घुमाया गया। हिमाचल के चंबा का मनोहर हत्याकांड युवक लापता हो गयाए बाद में जब पुलिस का गश्ती दल इलाके में गश्त कर रहा था तो उन्हें नाले में पत्थरों के नीचे युवक की लाश बोरी में मिली। लेकिन प्रशासन द्वारा उसके परिवार को इंसाफ नहीं दिलवाया गया। उन्होंने कहा कि हाल फिलहाल में ही एक

**मामला**

8 चम्बा में मंदिर के एक प्रहरी द्वारा नाबालिग 9वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया

सनसनीखेज मामला सामने आया जिसमें हिमाचल के कांगड़ा में शनिवार को पालमपुर बस स्टैंड पर दिन-दिहाड़े एक युवक ने युवती पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। युवक ने दराट से एक के बाद एक 10 बार युवती पर वार किए। हिमाचल में महिला उत्पीड ? इतना बड़ा रूप ले चुका है कि जहां महिलाएं न ही दिन को और न ही रात को खुद को सुरक्षित पाती है। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भ्रष्टाचार, मर्डर, बलात्कार बड़ा रूप ले चुका है। कांगड़ा जिला के थाना भवारना के तहत गदियाड़ा पंचायत में 50 वर्षीय महिला की हत्या का मामला सामने आया है। महिला का शव सडक किनारे संदिग्ध हालत में मिला। मृतक महिला के गले और अन्य जगहों पर तेजधार हथियार से वार के निशान थे।

## रॉकफोर्ड स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया पृथ्वी दिवस

**राजन पुरी**

**ऊना: रॉकफोर्ड** डे बोर्डिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में सोमवार को पृथ्वी दिवस बड़े उत्साहपूर्वक मनाया गया। नर्सरी से दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग प्रकार की एक्टिविटी करवाई गई। तीसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सेव अर्थ के चार्ट बनाकर और पौधे लगाकर धरती को बचाने की प्रेरणा दी। नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्लोगन बनाए और प्रस्तुत किए। बच्चों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्लास्टिक को त्यागने का संदेश दिया। स्कूल प्रबंधक विनोद आनंद व प्रिंसिपल शगुन सिक्का ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की बधाई दी।

# 171 मरीजों के जांचे नेत्र, 32 के डाले लेंस

**चेकअप**

8 रोटरी सेवा सदन के अध्यक्ष चितविलास पाठक ने कैंप के 171 मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया

**राजन पुरी**

**ऊना: उपमंडल** हरोली के तहत ईसपुर में रोटरी विलेज कोर के सौजन्य से चल रहा तीन दिवसीय आंखों के ऑपरेशन का कैंप सोमवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऊना ग्रेटर के प्रधान अश्वनी एरी, क्लब के वरिष्ठ सदस्य डीसी चौधरी, महेंद्र वर्मा, हरीश सहनी व अजय शर्मा मौजूद रहे। रोटरी सेवा सदन के



अध्यक्ष चितविलास पाठक ने कैंप के 171 मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया। साथ ही 32 की आंखों का लैंस डाले गए। मरीजों का ऑपरेशन धुसाड़ा रोटरी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर अनिल कुमार, अतुल पराशर, डॉक्टर गोयल, अजय कुमार, पंकज एवं राहुल ने किए। सभी मरीजों को निशुल्क दवाई, आंखों के चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था के सदस्य रामदास जसवाल, विद्यावान धीमान, ओंकार नाथ, सरवन कुमार, वेद प्रकाश, कैलाश पाठक, कुलदीप पाठक, हरमेश सिंह, कश्मीरी लाल, निरंजन सिंह व राम पाल का अतुल्य योगदान रहा।

# कॉलेज में समावेशी कार्यशाला का किया गया आयोजन

**बैठक**

8 संस्थान की छात्राओं व अध्यापकों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से दिव्यांगता पर आधारित जानकारी दी

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: सांफि आफ** फाउंडेशन कुल्लू द्वारा आज चामुंडा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड नर्सिंग कॉलेज मौहल में समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिस दौरान संस्थान की छात्राओं व अध्यापकों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से दिव्यांगता पर आधारित जानकारी दी। बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक सांफि या फ ाउंडेशन ने पहले सत्र में सांफिआ फाउंडेशन के



उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला वहीं फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने वाली तीन तरह की सेवाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें पहले कार्यक्रम के तहत कुल्लू के अखाड़ा बाजार में आश बाल विकास केंद्र नामक केंद्र पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए थेरेपी सेवाएं प्रदान की जाती है और दूसरे कार्यक्रम के तेहत थेरेपी ऑन व्हील्स नामक एक बस के माध्यम से दिव्यांग जनों को उनके घर द्वार जाकर थेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है और वहीं हमारे तीसरे कार्यक्रम के अन्तर्गत समावेशी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जहाँ हम जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को दिव्यांगता के विषय में जागरूक करते हैं। वहीं सांफि आ फ ाउंडेशन के निदेशक डॉ. रेखा ठाकुर ने विभिन्न तरह की थेरेपी सेवाओं जैसे फि जियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और स्पेशल एजुकेशन के विषय में सभी को जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगता के प्रकारों के बारे में भी जानकारी प्रदान की और बताया कि छोटी उम्र में दिव्यांगता को थेरेपी के माध्यम से कैसे कम किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कॉलेज में ये कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति के लिए कॉलेज के चेयरमैन डॉ0 बीण केण बाली का धन्यवाद किया।

# युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**राजन पुरी**

**ऊना: ऊना जिले** में पात्र युवाओं को मतदाता सूची में जोडने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसे लेकर विस्तृत योजना बनाई गई है। एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने सोमवार को जिला के समस्त कॉलेज, आईटीआई व स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ डीआरडीए हॉल में बैठक कर इस विशेष अभियान को लेकर चर्चा की।

एडीसी ने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि वे अपने संस्थानों में विशेष शिविरों के माध्यम से पात्र युवाओं को मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित व जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र युवा वोट के अधिकार से वंचित न रहे। एडीसी ने



बताया कि जिला में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 18074 पात्र युवा हैं। इनमें से 22 अप्रैल तक 10,200 पात्र युवाओं ने अपना नाम निर्वाचन नामावली में दर्ज करवाया है। शेष पात्र युवाओं को विशेष शिविरों के तहत प्रेरित व जागरूक कर मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि 1 अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं का पंजीकरण 4 मई तक करवाना सुनिश्चित बनाएं,

**विस्तृत योजना**

8 युवाओं को मतदाता सूची में जोडने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इसे लेकर विस्तृत योजना बनाई गई

ताकि सभी युवा लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बना सकें। एडीसी ने कहा कि युवा अपना वोटर हेल्पलाईन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन पंजीकरण भी करवा सकते हैं। मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए पात्र मतदाता फॉर्म नंबर 6 लेकर अपना एक रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार संख्या, आयु और निवास के प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि के साथ अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि जिला में मतदान की प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे है।

जिला में स्वीप कार्यक्रमों के अंतर्गत स्कूलों व ग्राम पंचायतों नारा लेखन, हस्ताक्षर अभियान, दीवार लेखन, चुनाव पाठशाला, चुनावी साक्षरता क्लबों व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम लोगों को वोट के महत्व बारे जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन समुन कपूर, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में चाहत ने पाया प्रथम



**राजन पुरी**

**ऊना: राजकीय** उच्च पाठशाला नारी सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला में नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने पृथ्वी को बचाने के संदेशों को अपनी चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में चाहत ने प्रथम, करणवीर संधू ने द्वितीय व 10वीं की नैंसी ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में आठवीं की अन्नया ने प्रथम स्थान, छठी की आरुषि ने दूसरा स्थान व प्रवेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। बच्चों ने अपने भाषण और नारों के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। विज्ञान अध्यापक देवेंद्र कुमार ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के ऊपर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखें। इस अवसर पर पाठशाला के मुख्य अध्यापक अशोक कुमार बैंस, अध्यापक रविंद्र सिंह, राकेश कुमार, सतनाम सिंह व अरूण कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व एसपी अनूप दहिया को इनेलो पार्टी ने बनाया सोनीपत से प्रत्याशी

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**

**खरखौदाः इनेलो पार्टी की तरफ** से सिसाना के अनूप दहिया को सोनीपत से अपना प्रत्याशी बनाया गया है। अनूप दहिया पूर्व एसपी हैं। जिन्हें इनेलो की तरफ से सोनीपत से चुनाव मैदान में उतारा गया है। सिसाना के रहने वाले अनूप दहिया प्रेजिडेंट पुलिस पदक प्राप्त करने के साथ ही द्रोणाचार्य अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। इसके साथ ही उन्हें उन्हें स्टेट स्पोर्ट्स अवार्ड भी मिल चुका है। सिसाना के अनूप दहिया को इनेलो की तरफ से सोनीपत लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। सोमवार को इनेलो पार्टी की तरफ से टिकट वितरण किया गया। इस दौरान इनेलो की तरफ से सिरसा से संदीप लोट, फरीदाबाद से सुनील तेवतिया और सोनीपत से अनूप दहिया को टिकट दी गई है।



### गलतियों से जादू तक: W.i.S.H के गलती ने पॉप की दुनिया में एक नई क्रांति पेश की

**नई दिल्लीः** नियमों के अनुपालन की दुनिया में W.i.S.H. अपने नए सिंगल, गलती में आजाद होकर पॉप संगीत के परिदृश्य में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। यह नया इलेक्ट्रिफाइंग ट्रैक सभी युवाओं के लिए निडरता से जीने का मैनिफेस्टो लेकर आया है। गलती केवल एक गाना ही नहीं, बल्कि एक सोनिक सफर है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से बेफिक्र होकर अपने दिल की तानों पर झूमने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी आकर्षक बीट्स और आत्मविश्वास से भरे बोलों के साथ यह लोगों को अपनी मौलिकता अपनाने और हर पल का पूरा आनंद लेने की प्रेरणा देता है। गलती की प्रेरणा कैसे मिली, इस बारे में W.i.S.H. गर्ल्स ने कहा, हम जिस दुनिया में रहते हैं वहाँ बंधनों को मानने और नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। गलती इसी भावना के खिलाफ हमारा विद्रोह है। यह हमारी कमियों को स्वीकार करने और गलतियों का जश्न मनाने के बारे में है। इस गीत में स्वतंत्रता की भावना के साथ सहजता और सौहार्द का जश्न मनाया गया है। हम गलती को चुलबुले विद्रोह का प्रतीक बनाना चाहते हैं, जो लोगों को बेझिझक डांस करने और हर पल का जादू महसूस करने की प्रेरणा दे। गर्ल्स ग्रुप के दूसरे सिंगल के बारे में मिकी मैकक्लेरी ने कहा, गलती एक मनोरंजक पार्टी गीत है, जिसमें स्वीकार किया गया है कि गलती हम सभी करते हैं। इसमें एक अन्य नए बे म्यूजिक हाउस कलाकार MxRZI ने रैप भी दिया है। मुझे और मेरी टीम को इस आकर्षक पॉप गीत पर गर्व है। हमें उम्मीद है कि यह सुनकर लोग डांस करने लगेंगे, और अपनी गलतियों की फि क्र करना छोड़ देंगे।




### विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही

**पानीपतः रबी** फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 189664 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 168908 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। 75957 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 65129 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 3350 का उठान किया जा चुका है।

# भाजपा के शासन में सशक्त और आत्मनिर्भर हुई महिलाएंः सुमन सैनी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई अनेकों योजनाएं: सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के** मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बेहतरीन कार्य किए हैं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं, जिनसे आज पूरे देश में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। यह केवल नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। सुमन सैनी सेक्टर-4 में अमित जैन, सेक्टर-6 में रंजू व अलका चौधरी के निवास पर पहुंची और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा से नायब सैनी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों एवं महिलाओं ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा उपचुनाव से मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से जिताकर भेजेंगे।




सुमन सैनी ने कहा कि आज महिलाएं छोटे उद्योग स्थापित करने में आगे बढ़ रही हैं और इसके लिए उन्हें ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए उन्हें गारंटी देनी पड़ती है। इससे राहत देने के लिए इस बार के बजट में सरकार ने वेंचर कैपिटल फंड के रूप में 200 करोड़ रुपये केवल गारंटी उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान किया गया है, ताकि महिलाओं को ऋण के लिए गारंटी न देनी पड़े। इतना ही नहीं, स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की भलाई के लिए किए हैं। अब महिलाएं भी नरेंद्र मोदी का साथ देंगी और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगी। करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सैनी का जनता साथ देगी और भारी बहुमत से विजयी बनाएगी।

## जनता का आशीर्वाद मनोहर लाल और नायब सैनी के साथः हरविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा के विधायक** एवं करनाल लोकसभा संयोजक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि करनाल लोकसभा की जनता का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के साथ है। करनाल की जनता मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को एक बड़ी और रिकार्ड जीत दिलवाएगी। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र का महापर्व है और हर किसी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके शासन में देश सुरक्षित और ताकतवर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया में भारत का नाम गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को जिस तरह से पिछले 10 सालों में चमकाया है आज दूसरे प्रदेश भी मनोहर लाल की नीतियों से प्रभावित हैं और मनोहर लाल की नीतियों को अपना रहे हैं। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों तक प्रदेश की सेवा की है और जनता की समस्याओं को अपना समझकर उनका हल किया है।



## नागरिक एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणितः मीणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा ने सभी नागरिकों से अपील करते कहा है कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करें तथा प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडखानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इसके पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति इसमें ऑब्जैक्शन लगाना चाहता है तो उसके लिए ओ.टी.पी. सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक के पास आएगा। इसके बिना वह कुछ नहीं कर सकता। निगमायुक्त ने बताया कि उपरोक्त कार्य को करने के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर सभी सम्पत्ति धारकों से सम्पर्क कर प्रॉपर्टी आई.डी. का डाटा स्व-प्रमाणित करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील करते कहा है कि वह इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें।



## पेड़ों में फंसे ट्री गार्डों से किया मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। समाजसेवी** संस्था लक्ष्य जनहित सोसाइटी ने काछवा में पहले भी अभियान चलाकर दर्जनभर से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों में फंसे ट्री गार्डों से मुक्त करवाया था। गांव काछवा में कुम्हारों वाली सडक पर वर्षों से लगे पेड़ अब काफी बड़े वा मोटे हो गए हैं। पेड़ बड़े होने की वजह से ट्री गार्ड मे फंस चुके हैं और पेड़ों को फलने फूलने मे दिक्कत आ रही थी। यह पेड़ ग्राम पंचायत काछवा द्वारा लगाए गए थे। ग्राम पंचायत काछवा के पूर्व सरपंच डा. चन्द्र मणि नारंग ने काफी संख्या में गांव के अंदर व फिरनी पर ट्रीगार्ड लगवाकर पौधरोपण किया था। इनमें से जिनके तने मोटे हो गए थे या पूर्ण रूप से विकसित हो गए थे, उनके ही ट्री गार्ड को गैस कटर की मदद से काटा गया है।

## कुलदीप सिंह बांगड़ को मातृशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः जिला सूचना एवं** जनसम्पर्क अधिकारी कुलदीप बांगड़ की माता श्रीमती रामकली अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर ईश्वर के चरणों में लीन हो गई है। विदित रहे कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ थी जिस कारण उन्हें कई दिन पूर्व करनाल के कल्पना चावला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां देर रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। दुख की

इस घड़ी में उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम टीनू पोसवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने श्री बांगड़ की माता के मरणोप्रांत उन्हें श्रद्धाजंलि दी व दुख की इस घडी में परमात्मा से उनकी शांति के लिए प्रार्थना की। सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी के पैतृक गांव मुबारकाबाद में उनकी माता जी का अंतिम संस्कार किया गया। जहां बड़ी संख्या में उनके परिजनों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।गौरतलब है कि स्वर्गीय 75 वर्षीय श्रीमती रामकली का नर्म स्वभाव आगंतुको को प्रभावित करने वाला रहा है।



वे एक सामाजिक महिला के रूप में जानी जाती रही है। वे विभिन्न प्रकार की बीमारियों का स्वयं उपचार करने में दक्ष थी व उन्हें विभिन्न प्रकार की देसी दवाईयों की जानकारी थी। अंतिम समय तक भी उन्होंने अपने आप को अध्यात्मिकता के साथ जोड़े रखा। पिछले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रही थी।

उनके आकस्मिक निधन पर जिले भर के पत्रकारों ने शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** देशबन्दु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के विधि साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष सुदेश कुमार शर्मा एवं सीजेएम सहसचिव प्रतीक जैन के निर्देशन में आयोजित इस प्रतियोगिता का उददेश्य गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा है। विदित रहे कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों की तरफ से लगभग 6 संस्थानों के 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में वोट के प्रति जागरूक करने को लेकर भी प्रतिभागियों को जागरूक किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य दलजीत सिंह, डॉ. नरसिंह जांगड़ा, डॉ. सुनील दत्त, डॉ. दलबीर देसवाल, कुसुम मलिक, हेमलता मलिक, संजू बाला आदि उपस्थित रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि व सोनिया प्रथम रही। आईबी महाविद्यालय की मोहिनी और कसक द्वितीय स्थान पर रही। एसडी महाविद्यालय के गगन व अनु तृतीय स्थान पर रहे। नारा लेखन प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के हर्ष ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की मोनी ने द्वितीय और आईबी महाविद्यालय के रोहित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में एसडी महाविद्यालय के मोहित कुमार ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा के सचिन ने द्वितीय व राजकीय महाविद्यालय मतलौडा की काफी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय पानीपत के अमन, अंजलि व सोनिया ने प्रथम, एसडी महाविद्यालय के ललित, मोहित और अभिषेक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और गीता महाविद्यालय शेरा की श्वेता, वैशाली और तनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय की अंजलि ने प्रथम, गीता महाविद्यालय शेरा की अंतिमा ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय के शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय, मतलौडा की तनिषा ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय की तान्या ने द्वितीय व आईबी महाविद्यालय ब्रह्मजया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## क्रिप्टो करेंसी निवेश में दिल्ली के युवा अव्वल तो अहमदाबाद के युवा सबसे पीछे- मुद्रेक्स सर्वे रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** वाई-कॉम्बिनेटर के ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म मुद्रेक्स ने 'फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्सः भारतीय क्रिप्टो पुनर्जागरण' (द इंडियन क्रिप्टो रेनैस्संस) टाइटल से अपने सर्वे की रिपोर्ट प्रेजेंट की। इस सर्वे में भारत में निवेश करने के तरीकों में हुए बदलावों को दर्शाया गया है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर 25% हिस्सेदारी के साथ क्रिप्टो कोअपनाने में सबसे आगे हैं। इसके बाद बेंगलुरु 16%, मुंबई 9%, हैदराबाद 8.9%, चेन्नई 8%, कोलकाता 7%, पुणे 5%, लखनऊ 3% और सबसे आखिर में अहमदाबाद 2% पर है। सर्वेक्षण में जून 2023 से जनवरी 2024 तक 6 महीनों के लिए देशभर में 8,976 लोगों से बात की गई। इसमें पाया गया कि 20 से 35 वर्ष के बीच के युवा क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने में अधिक रुचि ले रहे हैं। 20-35 आयु वर्ग के लगभग 63.06% लोगों ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का फैसला किया है, जिससे इस आयु वर्ग में क्रिप्टो करेंसी को लेकर काफी ज्यादा रुचि दिखाई दे रही है। दिलचस्प बात यह है कि 58.5% निवेशकों ने अपने निवेश को स्टॉक और क्रिप्टोकरेंसी दोनों में फैलाया है, जिससे पता चलता है कि क्रिप्टोकरेंसी एक सामान्य प्रकार के निवेश के रूप में अधिक स्वीकार्य हो रही है। साथ ही, सर्वे में शामिल 45% लोगों ने अपनी रिटायरमेंट बचत में क्रिप्टो करेंसी को शामिल किया है, जिससे पता चलता है कि वे इसे लॉंग टर्म निवेश के रूप में देखते हैं। क्रिप्टो करेंसी सभी आय स्तर के लोगों के लिए निवेश का एक सुलभ माध्यम है। हालांकि इसके निवेश को लेकर उच्च, मध्यम और निम्न आय वाले लोगों के बीच थोड़ा अंतर देखा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि सालाना 5 लाख रुपए से कम कमाने वाले लोग भी क्रिप्टो निवेश में शामिल हो रहे हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल सिटी के विद्यार्थियों ने दिया धरती को हरा भरा रखने का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**दिल्ली पब्लिक स्कूल** पानीपत सिटी में पृथ्वी दिवस ( अर्थ डे ) के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया क इसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया

सभा का शुभारंभ कक्षा 12वीं के छात्रों ने समूह गायन के माध्यम से किया क इसके अंतर्गत विद्यालय में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया क्छात्रों ने अपनी कविताओं, विचारों, चित्रों एवं कलाकृतियों के माध्यम से धरती को हरा भरा रखने का संदेश दिया।



## टेक्सटाइल में रिसाइक्लिंग से बचाएंगे पर्यावरणः डॉ.राज

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः वियतनाम** की यूनिवर्सिटी आरएमआइटी से डॉ.राज किशोर नायक ने कहा कि कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार टेक्सटाइल इंडस्ट्री से मिलता है। कपड़ा बाजार में असीमित संभावनाएं हैं। नए प्रयोग करने और नए फैशन को सामने लाकर तरक्की की राह आसान कर सकते हैं। खासकर रिसाइक्लिंग के माध्यम से न केवल लागत घटा सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। डॉ.राज किशोर नायक ने यहां पाइट कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में टेक्सटाइल एवं बीफैड के छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। पाइट में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड पर इनोवेशन टेक्सटाइल एवं फैशन पर सेमिनार हुआ। डॉ.राज किशोर नायक ने कहा कि अब आप दुनिया के किसी भी कोने में अपना उत्पाद बेच सकते हो। इनोवेशन के माध्यम से कारोबार खड़ा किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की वूलमार्क कंपनी से संबंधित सीम कंसलटेंसी से राजेश बहल ने छात्र-छात्राओं को वीडियो के माध्यम से टेक्सटाइल के नए कांसेप्ट समझाए। सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, टेक्सटाइल विभाग के अध्यक्ष डॉ.एसके धमीजा ने भी युवाओं को प्रेरित किया।



# स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। लोकसभा चुनाव** के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला सूचना एवं लोक-सम्पर्क विभाग करनाल की टीम द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। विभाग की टीम द्वारा सोमवार को नगरपालिका क्षेत्र नीलोखेड़ी व रायपुर रोड़ान, मनक माजरा गांव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। टीम द्वारा अपील की गई कि आने वाली 25 मई को सभी वयस्क नागरिक अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आम जन से आह्वान करते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 से यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि आम जन लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें साथ ही अपने घरों व आस-पड़ोस के लोगों को भी अवश्य जागरूक करें।




**मतदान**

**8 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यकमों का आयोजन किया जा रहा है**

**नामांकन के आखिरी दिन तक नागरिक बनवा सकते हैं वोट**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी नागरिक जिसकी अभी तक वोट नहीं बनी हो वह नामांकन के आखिरी दिन तक यानि 6 मई तक अपनी वोट बनवा सकता है। वोट बनवाने के लिए फॉर्म संख्या 6 जो कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, डाउनलोड किए जा सकते हैं।

वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर- 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 10वीं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सोमवार को 10वीं** जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुराला के प्रांगण में करवाई गई। यह प्रतियोगिता जिला चैस एसोसिएशन ऑफ कुरुक्षेत्र के बैनर तले करवाई गई। इस प्रतियोगिता में जिला चैस एसोसिएशन ऑफ कुरुक्षेत्र की तरफ से चार आयु वर्ग के मैच करवाये गए जिसमें अंडर 7, अंडर 9, अंडर 13 व अंडर 17 शामिल है। इस प्रतियोगिता में लगभग चारों आयु वर्ग में 80 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव के सरपंच सतपाल सरोहा, सामाजिक कार्यकर्ता जगजीत अठवाल और संजीव गुर्जर ने किया। प्रतियोगिता का समापन जिला चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष किरपाल तंवर, साई के वॉलीबाल कोच सत नारयण और साइकिलिंग के कोच कुलदीप ने किया।



# राज्यपाल ने जल जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण संबंधी उपायों की समीक्षा की

**मनीष**

**सोलनः** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गत दिवस में सोलन जिला के परवाणु स्थित परिधि गृह में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में परवाणु क्षेत्र में सामने आए डायरिया के मामलों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए किए गए उपायों की समीक्षा की गई। राज्यपाल ने कहा गर्मियों के मौसम में जल जनित रोगों के फैलने का अंदेशा बढ़ जाता है। ऐसे में पेयजल स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।



उन्होंने परवाणु क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में डायरिया के मामले सामने आने पर संबंधित विभागों से अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पेयजल के प्रदूषित होने के कारणों का शीघ्र पता लगाने और इसके लिए एक संयुक्त टीम गठित करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने अभी तक सभी विभागों के साथ मिलकर पूरी तत्परता से कार्य किया है। शिव प्रताप शुक्ल ने डायरिया से पीड़ित रोगियों के उपचार के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रोगियों के उपचार एवं डायरिया की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों में जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए बरती जाने वाली सावधानियों का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लोगों का भी आह्वान किया कि वे नियमित तौर पर पेयजल भंडारण टैंकों की साफ.सफाई करें और इसमें निश्चित मात्रा में क्लोरीन इत्यादि डालें तथा पानी को उबालकर ही उपयोग में लाएं।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने परवाणु क्षेत्र में डायरिया व अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मामले सामने आने पर तत्काल सहायक आयुक्त प्रोटोकॉल की अध्यक्षता में बैठक कर एक कार्य बल टास्क फ ोर्स गठित किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग, हिमुडा, नगर परिषद, जल शक्ति सहित संबंधित विभागों को शामिल किया गया है। यह कार्य बल निरंतर ऐसे मामलों की निगरानी भी कर रहा है।

# आबकारी विभाग ने 6805 लीटर अवैध शराब बरामद की



**चमन शर्मा**

**शिमलाः** आबकारी विभाग ने जिला चम्बा, कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला, कुल्लू और बद्दी में अवैध शराब के कारोबार के विरूद्ध कार्रवाई कर 6805 लीटर शराब व लाहन बरामद की है। यह जानकारी देते हुए राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त डॉ. यूनुस ने गत दिवस को बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से विभाग द्वारा गठित 59 टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों व प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की है।

उन्होंने कहा कि विभाग की जिला चम्बा की टीम ने तीसा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों कुड्डी व तरेला में 2550 लीटर लाहन जब्त कर नष्ट की है। गत सप्ताह चम्बा जिला की टीम ने तीसा क्षेत्र के कठिन इलाकों कुथलाए दुमास व झन्नास में लगभग 3300 लाहन बरामद कर नष्ट की है। राजस्व जिला नूरपुर की टीम ने पुराना गंगथ क्षेत्र में 1500 लीटर लाहन बरामद की।

## न्यूज फ्लैश

# नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र को अपना घर बता रहे हैं, लेकिन जनता पूछ रही है पिछले 10 साल कहां थे?: डॉ. सुशील गुप्ता



**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर नवीन जिंदल पर निशाना साधा। उनके साथ प्रो. कृष्णचंद रल्हान, सतीश गर्ग, विशाल खुब्बड़, मेवा सिंह, ओम सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल कह रहे हैं कि कुरुक्षेत्र उनका घर है तो एक वीडियो में एक बुजुर्ग नवीन जिंदल से माइक लेकर कहते हैं कि पिछले 10 साल कहां थे? इस पर उनको गुस्सा आ गया? नवीन जिंदल बताते क्यों नहीं कि कोरोना और बाढ़ के समय में यहां क्यों नहीं आए? नवीन जिंदल उस बेटे की तरह हैं जो मुसीबत में अपने मां बाप को छोड़कर भाग जाते हैं। जब कुरुक्षेत्र के पिपली में अन्नदाता पर लाठियां बरसाई जा रही थी तब नवीन जिंदल कहां थे? जब कुरुक्षेत्र में बुजुर्गों की पेंशन कटी, लोगों का बिजली बिल 10-10 गुना बढ़ गया, तब नवीन जिंदल कहां थे?

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को इलाज के लिए दर बदर धक्के खाने पड़ते हैं, यहां का अस्पताल 100 बेड से आगे नहीं बढ़ा, एमआरआई की मशीन आज तक नहीं लगी, अल्ट्रासाउंड सप्ताह में एक बार होता है, पैरासिटामोल की गोलियां यहां मिलती नहीं तब नवीन जिंदल ने सुध क्यों नहीं ली? जब कोरोना में सभी ऑक्सीजन के लिए धक्के खा रहे थे, तब नवीन जिंदल कहां थे? नवीन जिंदल वोटों के लालच के लिए अपने आप को कुरुक्षेत्र का बेटा बता रहे हैं, जबकि बेटे का फर्ज होता है कि वो अपने मां बाप की सेवा करे। नवीन जिंदल कह रहे है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उनके प्रोग्रामों में खलल डाल रहे हैं। खलल तो नवीन जिंदल डाल रहे हैं वो कांग्रेस के हर कार्यकर्ता के सामने जाकर गीड़गीड़ा रहे हैं। नवीन जिंदल ने घर बदल लिया लेकिन कुरुक्षेत्र की जनता अपना घर नहीं बदलाा चाहती।

उन्होंने कहा कि जनता अब कुरुक्षेत्र में लायक बेटे को लाना चाहती है। जो उनके लिए अच्छी शिक्षा, अच्छे स्वास्थ्य, बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा, युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था करे और शहीदों का सम्मान करे और महिलाओं के सम्मान को बरकरार रखे। जनता उस पार्टी के साथ नहीं जाना चाहती जो पुलिस सुरक्षा में भी महिला के साथ दुष्कर्म कराए। आज सभी सर्वेक्षण बता रहे हैं कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र विकास चाहती है। जनता चाहती है कुरुक्षेत्र एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रुप में विकसित हो। मेरा नवीन जिंदल से अनुरोध है कि वो घर घर जाकर अपने बुजुर्गों को विरोधियों के घर में जाने के लिए मजबूर न करें। वो बुजुर्ग नवीन जिंदल से जानना चाहते हैं कि वो पिछले 10 साल कहां रहे। वो ये भी जानना चाहते हैं भाजपा ने नवीन जिंदल पर जो 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपए का कोयला चोरी का आरोप लगाया था वो सही था या झूठ।

## मकान से हजारों की नकदी व आभूषण चोरी

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

जिले के उकलाना मंडी स्थित त्रिवेणी विहार कॉलोनी में एक बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर हजारों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। वारदात के समय परिवार के सदस्य पंजाब में बीमार महिला को इलाज के लिए लेकर गए थे। परिवार की एक महिला बरवाला में अपने घर रहने के लिए चली गई थी।

पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए त्रिवेणी विहार कॉलोनी की रहने वाली मंजू ने सोमवार को बताया कि उसके भाई पवन व रामपाल करीब 10-12 साल से अपने बाल बच्चों सहित बरवाला के वार्ड नंबर 7 में रहते हैं। घर पर वह, उसके पिता मनीराम व माता रोशनी तीनों रहते हैं। उसकी मां बीमार रहती है। उसके पिता करीब 10-15 दिन पहले, फरीदकोट में उसकी सगी बहन रेखा के पास उसकी माता का इलाज करवाने के लिए गए हुए थे। घर पर वह अकेली रह रही थी। मंजू ने बताया कि वह अपने घर पर ही ब्यूटी पार्लर व सिलाई का काम करती है। गत दिवस वह अपने घर को ताले लगा कर भाई रामपाल के पास बरवाला चली गई थी। उसके माता पिता अभी तक पंजाब से वापस नहीं आये हैं। मंजू ने बताया कि 21 अप्रैल को जब वह शाम को अपने घर आई और ताले खोल कर अन्दर गई, तो बरामदे में लगे गेट का शीशा टूटा हुआ मिला।

# धरती पर यदि सबसे बड़ा कोई भगवान है तो वह है हमारा हृदय : योगरत्न देसराज

**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत), मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली के तत्वावधान में संस्थान के दिल्ली योग प्रांत 1 व 2 तथा हरियाणा प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारियों व केंद्र प्रमुखों के लिए संस्थान के योगाश्रम, मिजार्पुर (कुरुक्षेत्र) में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय योग प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन योगाश्रम पधारने पर संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान योगरत्न देसराज का पुष्प वर्षा से भव्य अभिनंदन किया गया। अखिल भारतीय प्रधान माननीय देसराज, दिल्ली प्रांत 1 के प्रधान जयप्रकाश अग्रवाल व मंत्री होतीलाल शर्मा, दिल्ली प्रांत 2 के प्रधान योगेश शर्मा व मंत्री विनोद शर्मा, हरियाणा प्रांत के प्रधान ओमप्रकाश व प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। संस्थान की साधिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। हरियाणा प्रांत के प्रधान ओमप्रकाश ने माननीय देसराज सहित सभी



अतिथियों व शिविर प्रशिक्षणार्थियों का हार्दिक अभिनंदन किया। प्रातः सभी प्रतिभागियों को योग की शारीरिक शुद्धि क्रियाएं करवाई गईं। इसके पश्चात संस्थान के कुशल वरिष्ठ अधिकारियों, क्षेत्र एवं जिलाधिकारियों तथा केंद्र प्रमुखों द्वारा सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों एवं प्राणायाम का सुंदर अभ्यास करवाया गया। दो दिवसीय शिविर में माननीय देसराज द्वारा स्वस्थ दिनचर्या और योग, साधना सुधार एवं मौन साधना का महत्व, हृदय रोग और योग इत्यादि विषयों पर सार गर्भित, ज्ञानवर्धक, अत्यंत उपयोगी एवं सुंदर वाताएं प्रस्तुत की गईं।

## अब बायोमेट्रिक से लगेगी मिड-डे मील कर्मियों की हाजिरी

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

प्रदेशभर में मिड-डे-मील योजना के अंतर्गत अनुबंध आधार पर कार्यरत सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी। अप्रैल माह का वेतन बायोमेट्रिक हाजिरी की रिपोर्ट के आधार पर ही दिया जाएगा।

मौलिक शिक्षा निदेशक की ओर से प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मिड-डे-मील योजना के तहत अनुबंध आधार पर क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत सभी कर्मियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत दर्ज होगी।

इसके साथ यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी कर्मचारियों की बायोमेट्रिक रिपोर्ट हर माह के प्रथम कार्यदिवस पर निदेशालय भेजनी अनिवार्य है।

# भोलखास में विजिलैंस ने पकड़ी 730 पेटी अवैध शराब, आरोपी गिरफ्तार

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** लोकसभाचुनावों के बीच शराब तस्करी का खेल जोरों से चल रहा है। शराब माफिया द्वारा शराब का खेल खेला जा रहा है तथा जहां-वहां शराब की खेप छुपाई गई है। एक्साइज व पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है। विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन पंचायत भोलखास में शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। विजिलैंस धर्मशाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भोलखास निवासी चैन सिंह पुत्र कीकर सिंह के घर में एएसपी विजिलैंस धर्मशाला बद्री सिंह के नेतृत्व में टीम के साथ दबिश दी तथा घर के अंदर रखी गई 730 पेटी देसी शराब (संतरा मार्का)



पकड? में सफ लता हासिल की है। शराब की खेप को देखकर हर कोई सन्न है कि आखिरकार इतनी खेप कहां से और कब लाई गई है।

एएसपी बद्री सिंह के बोल

एएसपी विजिलैंस बद्री सिंह ने बताया कि इस बारे में शनिवार देर रात को गुप्त सूचना मिली थी जिस पर टीम का गठन करके दबिश दी गई और 730 पेटी शराब पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। शराब का जखीरा भी विजिलैंस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि इसकी जांच की जाएगी कि यह शराब कहां से लाई गई है और इसको कहां सप्लाई किया जाना है। यह शराब संसारपुर टैरेस की फैक्टरी से बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चैन सिंह से सख्ती से पूछताछ करके अन्य आरोपियों को भी केस दर्ज करके गिरफ्तार किया जाएगा।

# मतदान करने का किया आह्वान, लोकतंत्र को मजबूत बनाने में देना चाहिए योगदान

**मताधिकार**

8 देश के लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए सभी को मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए।

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामपुर बुशहरः** देश के लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए सभी को मताधिकार का अवश्य प्रयोग करना चाहिए।

मतदाता को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से ऊपर उठ कर मतदान करना चाहिए और लोकतन्त्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान देना चाहिए। रामपुर निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप टीम के अधिकारियों



ने रामपुर विधान सभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुनिश बाहली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काशापाट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मझेवाली में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को 01 जून 2024 को मतदान में बढ-चढकर मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी स्वीप विपन शर्मा व पवन सरनाटू, अशोक शर्मा, नगीन शर्मा ने विधार्थियों, अध्यापको व स्थानीय मतदाताओ को बिना भेदभाव, जाति, धर्म, अमीरी-गरीबी के मतदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मतदान हमारा एक अधिकार ही नहीं एक कर्तव्य भी है जो 18 वर्ष से अधिक हर नागरिक को प्राप्त है। लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान कर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूक किया।

पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विधार्थियों को स्वीप टीम के अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित

**प्रतियोगिता** में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विधार्थियों का विवरणः. रा.व.मा. पाठशाला मुनिश बहली पोस्टर मेकिंग में एंजल प्रथम, ईशान्त चौहान द्वितीय व प्रियाल तृतीय स्थान, नारा लेखन में प्रथम दीक्षित, द्वितीय अंतरा व तृतीय अराब रहा। रा.व.मा. पाठशाला मझेवली पोस्टर मेकिंग में प्रथम रितेश, द्वितीय सोनल व तृतीय विवेक रहे, नारा लेखन में दीक्षिता आर्य प्रथम, अन्नया चीमा द्वितीय व लाक्षिता तृतीय स्थान जबकि भाषण में तनिशा शाह पहला, मन्नत दूसरा व रीधिमा तीसरा स्थान पर रही।

## कुरूक्षेत्र में नवीन जिंदल का चुनाव से मन उठा : अनुराग ढांडा



**कैथल /टीम एक्शन इंडिया**

हरियाणा आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने सोमवार को कैथल सेक्टर 18 में कार्यकताओं के साथ मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से कैथल की सभी विधानसभा में चलाए जा रहे पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी ली और कार्यकताओं की बूथ स्तर की तैयारी को लेकर चर्चा की और मजबूत तैयारी से मतदाताओं के बीच में जाने को लेकर निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में इंडिया गठबंधन का चुनाव अभियान बहुत अच्छा चल रहा है। और हर तरफ से जनता सहयोग और पूरा साथ मिल रहा है। इस बार प्रदेश की जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में हैं।

उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल का लोकसभा चुनाव से मन उठ चुका है। उनको जनता के सवालों का जवाब देते नहीं बन रहा है। जहां भी वे जनता के बीच जाते हैं, लोग उनसे उनके ईडी के घोटालों को लेकर सवाल पूछ रहे हैं। वहीं वे भी जनता के बीच जाने से डर रहे हैं। बीजेपी ने केडीबी के नाम पर कुरुक्षेत्र में करोड़ों के घोटालों कर जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है।

उन्होंने अभय चौटाला पर निशाना साधते हुए कहा कि इनेलो का हरियाणा में राजनीति में कोई अस्तित्व नहीं रहा है।

## कुरूक्षेत्र में नवीन जिंदल का चुनाव से मन उठा : अनुराग

**हिसार/**

पुलिस का स्लोगन सेवा, सुरक्षा व सहयोग का है, लेकिन यहां के टिब्बा दानाशेर में पुलिस का अलग रूप सामने आया है। यहां पर एक महिला को उसका पति पीटता रहा और डायल 112 के कर्मचारी बीच-बचाव करने की बजाय वीडियो बनाते नजर आए।

मामला टिब्बा दानाशेर क्षेत्र का है। अस्पताल में उपचाराधीन महिला ज्योति का कहना है कि वह प्राइवेट नौकरी करती है। 11 अप्रैल को उसके पति सज्जन ने चाय मांगी तो उसने कहा कि वह थकी हारी आई है, थोड़ा आराम करके चाय बना देंगी। इसी बात पर पति ने बेरहमी से उसकी धुनाई कर दी। उसे हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसके हाथ पर दांतों से काटने के निशान भी हैं। तब उसने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, मगर पुलिस ने आगामी कार्रवाई नहीं की।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर मतदान केंद्रों पर रोपित किये गए पौधें

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** मतदाताओं को उनके वोट का महत्व समझाने व लोकतंत्र के महापर्व में उनकी शतप्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए प्रशासन प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत सभी 117 मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारियों, स्थानीय बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर व जनमानस द्वारा लोकतंत्र के लिए पौधारोपण नाम से पौधे रोपित किए गए जिनमें नीम, हरड़, आंवला, इलायची, लौंग, अश्वगंधा, बड़, पीपल आदि प्रजातियों के पौधे रोपित



किए गए। एसडीएम गुरसिमर ने जानकारी दी है कि लोकसभा चुनावों के अंतिम चरण में पहली जून को मतदान सम्पन्न होगा। मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए गांव स्तर तक सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनके वोट का महत्व समझाने के साथ मतदान प्रक्रिया के प्रति प्रेरित किया जा सके। उन्होंने बताया कि आज विश्व पृथ्वी दिवस पर लोगों को पृथ्वी के प्राकृतिक पर्यावरण तथा वन संपदा के संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपने घर आँगन में पौधरोपण करने और मतदान प्रक्रिया में अपनी पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस मौके पर एसडीएम गुरसिमर सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक रतन तथा डीएफ ओ अमित शर्मा ने भी पौधरोपण किया।

# लोकसभा चुनावों में भाजपा को मिलेगा करारा जवाब, कांग्रेस लगाएगी जीत का छक्का

**मनीष**

**सोलनः** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को सोलन में शिमला संसदीय सीट से प्रभारी कैबिनेट मंत्री रोहित ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, कार्यकारी अध्यक्ष व सीपीएस संजय अवस्थी और रामकुमार चौधरी के साथ शिमला लोकसभा सीट से प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने सयुंक्त रूप से एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान चुनाव प्रभारी केबिनेट मंत्री रोहित ठाकर ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है वहीं इस दौरान उन्होंने भाजपा पर भी कई तंज भी कसे उन्होंने कहा कि मोदी के नाम पर ही वोट मांगने का प्रयास भाजपा के प्रत्याशी कर रहे



हैं।

शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस का भावनात्मक रिश्ता

रोहित ठाकुर ने कहा कि शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस का भावनात्मक रिश्ता रहा है यहां से प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ यशवंत सिंह परमार, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर रामलाल जैसे नेता और मुख्यमंत्री रहे है। वहीं इस सीट से केडी सुल्तानपुरी ने 6 बार बतौर सांसद सेवा की और आज उन्ही के बेटे को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है।

सुरेश कश्यप का बतौर सांसद कार्यकाल रहा निराशाजनक

रोहित ठाकुर ने कहा कि आज भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप जो मैदान में है उनका कार्यकाल निराशाजनक रहा है, बतौर प्रदेशाध्यक्ष वे 4 उपचुनाव हिमाचल में हारे उसके बाद बतौर सांसद शिमला संसदीय क्षेत्र में 900 पंचायत में से 400 पंचायत तक वो पहुंच नही पाए। जो वादे जनता से किए गए थे वो पूरे नही हुए।

2022 के चुनावों की तरह लोकसभा और उपचुनाव में कांग्रेस की होगी जीत

वहीं उसके बाद साल 2022 में जो आम चुनाव हिमाचल में हुए उसमे भी प्रदेश की जनता ने कांग्रेस का साथ दिया और भाजपा के साम दाम दंड भेद के सभी प्रयासों को करारा जवाब दिया। रोहित ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ साथ 6 उपचुनाव के लिए तैयार है और कांग्रेस पार्टी जीत के चौके के साथ जीत का छक्का भी लगाने वाली है। केंद्र की मोदी सरकार ने बेरोजगारी और महंगाई पर नही किया कोई कंट्रोल

उन्होंने कहा कि किस तरह का कार्यकाल केंद्र में भारतीय जनता पार्टी का रहा है चाहे वो अनइंप्लॉयमेंट को लेकर होए अग्निवीर योजना को लेकर हो। आज भारतवर्ष का हर तीसरा नौजवान बेरोजगार घर बैठा में है, महंगाई बढ़ रही है।

केंद्र सरकार ने रोके सुक्खू सरकार के कदम

वहीं दूसरी तरह सुक्खू सरकार ने अपने एक साल के कार्यकाल मे कांग्रेस पार्टी को जनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआे।

# देश में मोदी के विकास की गारंटी, हिमाचल विकास करने वालों के साथः जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडीः**

मंडीःनेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत में विकास की एकमात्र गारंटी नरेन्द्र मोदी हैं। केंद्र में दस सालों में उन्होंने जो किया है वह आज तक नहीं हुआ। विकास की गति आगे भी और तेज हो इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जिम्मा देशवासियों ने उठाया है। इस बार देश के कोने.कोने से चार सौ पार की आवाज आ रही है। हिमाचल ने भी इसी आवाज में अपनी आवाज मिलाकर अबकी बार चार की चार के संकल्प से आपसे बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने सिराज विधान सभा



क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए भारी से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

इस दौरान उनके साथ सेराज मण्डल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नारी, युवा, किसान और गरीब ही नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता हैं। अतः इन सभी के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सदैव प्रतिबद्ध हैं। देश को विकसित और आत्म निर्भर बनाने के लिए भाजपा संकल्पित है और उसके लिए ही अपना संकल्प पत्र लेकर आई है। तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने, किसानों के लिए कृषि के क्षेत्रों में सुधार से लेकर आय दुगुना करने और नई तकनीकी के साथ उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड? की योजनाएं किसानों के जीवन को बदल देंगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 23 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जनता भोजन-पैकेज्ड पेयजल सेवा यात्रियों के लिए बनाया सुलभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**भागलपुर:** पूर्व रेलवे अपने यात्रियों विशेषकर सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा और संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व रेलवे ने लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों के लिए पीने के पानी और बजट-अनुकूल भोजन तक आसान पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से कई योजनाएं लागू किया है। यात्रा के दौरान हाइड्रेटेड रहने और अच्छी तरह से भोजन करने के महत्व को समझते हुए, पूर्व रेलवे ने यात्रियों को पैकेज्ड पेयजल और जनता भोजन आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय कदम उठाया है। इस पहल के अंतर्गत सामान्य द्वितीय श्रेणी और शयनयान श्रेणी के डिब्बों के पास पेयजल की बोतलें रखना, साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों के डिब्बों के भीतर सीधे जनता भोजन और पैकेज्ड पेयजल का प्रावधान शामिल है। यात्रियों को अब ट्रेन के स्टेशन पर रहने के दौरान पानी और भोजन की तलाश करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, आईआरसीटीसी द्वारा नियुक्त विक्रेता अब किफायती भोजन विकल्प और पेयजल के पैकेट के साथ सामान्य द्वितीय श्रेणी और स्लीपर क्लास के डिब्बों के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। इन सेवाओं का उद्देश्य विशेष रूप से चिलचिलाती गर्मी के महीनों के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करना है। ये सेवाएँ ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों सहित भागलपुर के अलावा रामपुरहाट जंक्शन, बर्द्धमान, जसीडीह, मधुपुर, दुर्गापुर और मालदा टाउन जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर उपलब्ध है।

## मिट्टी ढहने से एक मजदूर की मौत

**जयपुर:** सांगानेर सदर थाना इलाके में निमार्णाधीन मकान की मिट्टी ढहने से तीन लोग दीवार के नीचे दब गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल मजदूरों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी मिल गई है। जानकारी में सामने आया है कि तीनों हौद की चिनाई के लिए गड्ढे में उतरे थे। चिनाई के दौरान अचानक मिट्टी ढहने से दीवार गिर गई। मलबे के नीचे तीनों दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया था। इधर घटना के बाद मृतक के भाई कैलाश बैरवा की ओर से रविवार रात सांगानेर सदर थाने में मकान मालिक और ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई कल्याण प्रसाद ने बताया कि घटना बीस अप्रेल की है।

# अयोध्या-काशी ने लक्ष्य पा लिया है, अब ब्रज की बारी है : योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के पक्ष में की जनसभा

**जनसभा**

**ß पीएम मोदी का प्रताप है कि इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहपुर सीकरी: यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। गिरिराज महराज की** यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। सौभाग्य है कि इस धरती पर रहकर जीवन यापन कर आप सभी लोग भारत माता की सेवा करने में लगे हैं। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। अब आगरा में भी एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा भी गंगाजल का सेवन कर रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को किरावली में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद एं प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि घर-घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माटी के लाल आरकेएस भदौरिया वायु सेनाध्यक्ष के बाद भाजपा संग मिलकर आपके लिए कार्य करने को तत्पर हैं।

**विपक्षियों को पांच साल की छुट्टी दीजिए और बोलिए- जाओ, खूब फातिहा पढ़ो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग माफिया व अपराधी को गले का हार बनाकर बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगा रहे थे। यह लोग माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ रहे हैं। चुनाव में इन्हें बोल दीजिए, वोट तो कमल पर जाएगा, तुम लोगों को पांच साल की छुट्टी दे रहे हैं, जाओ-खूब फातिहा पढ़ो। हम अयोध्या में रामलला का दर्शन करा रहे हैं तो माफिया का राम-नाम सत्य भी करा रहे हैं। भाजपा सरकार है तो यह अद्भुत संयोग है। हमारा नारा राष्ट्रवाद है, जातिवाद नहीं। जाति व परिवार की बात करने वाले देश को कमजोर करना चाहते हैं।

**रामनवमी पर पीएम भले अयोध्या में नहीं थे पर मन अयोध्या में ही था :** योगी ने कहा कि रामनवमी के दिन भगवान राम का सूर्य तिलक हुआ था।

### पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोग भारत में गरीबी रेखा से उठेः योगी

**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि एक तरफ विरासत का सम्मान तो दूसरी तरफ विकास के कार्य भी हो रहे हैं। 1947 में पाकिस्तान भारत से अलग हुआ था। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है और पाकिस्तान में 23 करोड़ जनता भूखों मर रही है। पाकिस्तान की आबादी से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में गरीबी रेखा से उठाकर खुशहाल व स्वावलंबी जीवन दिया गया। कांग्रेस व सपा वाले गरीबों के हकों पर डकैती डालने के लिए जनधन अकाउंट नहीं खोलते थे। गरीब सर्दी में ठिठुरता था तो बरसात में भूखों सो जाता था, लेकिन मोदी जी के राज में 'सबका साथ-सबका विकास' के आधार पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सुविधा **सबको, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं।**

### आपके सांसद पूरे देश में किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि भाजपा सरकार ने विरासत व विकास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि के पीछे पीएम मोदी का नेतृत्व-मार्गदर्शन है तो संगठन के माध्यम से देश में ले जाने का कार्य भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आपके सांसद राजकुमार चाहर कर रहे हैं। आपके लिए गौरव की बात है कि आपके सांसद पूरे देश के किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं। आपका दायित्व बनता है कि राम-कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए।

एक तरफ कांग्रेस, सपा-बसपा के लोग कहते थे कि क्या प्रमाण है कि राम का जन्म अयोध्या में हुआ। ?ह कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं थे, जैसे लगता था कि इस सृष्टि के पहले कांग्रेस, सपा-बसपा, ही पैदा हो गई थी।

पीएम मोदी का प्रताप है कि इन लोगों का झूठ फेल हो गया और रामलला का मंदिर भी बन गया। पीएम मोदी ने ही अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया और प्राण-प्रतिष्ठा भी की। सूर्य तिलक के समय पीएम भले ही अयोध्या में नहीं थे, लेकिन उनका मन अयोध्या में ही था। 500 वर्ष बाद रामलला को अपनी जन्मभूमि पर ही जन्मोत्सव मनाने का अवसर प्राप्त हुआ।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में सोमवार को सिविल सेवा में चयनित छात्र अंशुल भट्ट ने मुलाकात की। देहरादून निवासी अंशुल भट्ट ने सिविल सेवा परीक्षा-2023 की परीक्षा में 22वीं रैंक हासिल की है। मुख्यमंत्री ने उनके इस सफलता के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पश्चिम बंगाल में एक दिन भाजपा की सरकार जरूर बनेगी: दिलीप

**टीम एक्शन इंडिया**

**बर्दवान: पश्चिम बंगाल** में कभी ना कभी भाजपा की सरकार जरूर बनेगी। पश्चिम बर्दवान ज़िला अंतर्गत दुर्गापुर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने सोमवार को आत्मविश्वास से यह बातें कही।रोज की तरह सोमवार को भी जनसंपर्क के लिए वह बर्दवान के जननदिघी चौराहे पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और लोगों को उनका अधिकार वापस मिलेगा। प्रतिदिन सुबह सैर पर निकलना और चाय पर चर्चा कार्यक्रम कर जनसंपर्क करना उनकी पुरानी आदत है। खासकर चुनावी मौसम में दिलीप घोष प्रायः हर दिन चाय पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। सोमवार सुबह उन्होंने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि एक दिन पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और लोगों को उनका अधिकार वापस मिलेगा। लोकसभा चुनाव में दिलीप घोष बर्दवान-दुर्गापुर से भाजपा उम्मीदवार हैं।

## शिक्षक नियुक्तिः हाईकोर्ट के फैसले को ममता ने बताया अवैध

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायगंज:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2016 की शिक्षक भर्ती परीक्षा के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को सोमवार को अवैध करार दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार फैसले को चुनौती देगी। बनर्जी ने उत्तर बंगाल के रायगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कोर्ट के फैसले पर भाजपा का प्रभाव होने का भी दावा किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को रद्द करने का अदालत का फैसला अवैध है। हम उनलोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की गईं सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया है।



**नकारा**

**ß भाजपा के नेताओं पर न्यायपालिका के एक वर्ग और निर्णयों को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया**

## आनेवाली सदी भारत की होनी चाहिए: अर्जुन मुंडा

**टीम एक्शन इंडिया**


**खूंटी: खूंटी संसदीय सीट से भाजपा** प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आने वाली सदी भारत की होनी चाहिए। इसके लिए नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है और यह तभी संभव है जब आप लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देंगे। अर्जुन मुंडा सोमवार को कर्रा प्रखंड के लापा और उड़ीकेल गांव में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि 60 वर्षों तक देश में शासन करने वालों ने गांवों के विकास को अवरुद्ध करके रखा। उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें परंपरा और परिवर्तन को साथ लेकर चलना होगा। विकसित भारत के लिए हमें विकास मं गतिशीलता लानी होगी।



## नवंबर में होगी पहली एशियन क्वान की डो चैंपियनशिप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** इंटरनेशनल क्वान की डो फेडरेशन द्वारा गठित एशियन क्वान की डो फेडरेशन के नवनियुक्त प्रेजीडेंट और श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के वाइस चांसलर डॉ डीएस ढुल ने विधिवत तरीके से अपना कामकाज संभालते हुए नवंबर में थाईलैंड में एशियन क्वान की डो चैंपियनशिप करवाने की घोषणा की है। उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को खेल के प्रति जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक अंतरराष्टीय स्तर पर वर्कशाप करवाने की भी घोषणा की। वे सोमवार को चंडीगढ में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे।



गौरतलब है कि इंटरनेशनल ओलम्पिक कमेटी व तफिशा से सम्बद्ध इंटरनेशनल क्वान की डो फेडरेशन के प्रेजीडेंट कारोल डेरेला की अध्यक्षता में एशियाई फेडरेशन का गत दिवस रोहतक में गठन किया गया था, जिसमें खेल क्षेत्र, खेल प्रबंधन में प्रख्यात एवं श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल को सर्वसम्मति से एशियन क्वान की डो फेडरेशन का प्रेजीडेंट चुना गया। डॉ ढुल ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ क्वान की डो खेल को एशियाई महाद्वीप में युवाओं के मध्य लोकप्रिय बनाने की घोषणा की। सोमवार को फेडरेशन के सहयोगियों के साथ पत्रकारों से संवाद करते हुए डॉ डीएस ढुल ने बताया कि दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस के बाद एशियन क्वान की डो फेडरेशन का गठन करके पहली वार्षिक सामान्य बैठक बुलाई गई थी।

**ऐलान**

**ß एशियन क्वान की डो फेडरेशन के नवनियुक्त प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल ने की घोषणा**

## श्रमिक एक्सप्रेस में हुआ ब्लास्ट, जवान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना/मुजफ्फरपुर:** राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया।

## राजपूत समाज ने कहा- स्वाभिमान से समझौता नहीं



**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर:** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के बैनर तले एक आए विभिन्न राजपूत संगठनों ने भारतीय जनता पार्टी पर नाराजगी जताते हुए ऐलान किया है कि समाज स्वाभिमान से समझौता नहीं करेगा। यहां उदयपुर के एक होटल में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में राजपूत करणी सेना, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, क्षत्रिय युवा महासभा एवं मेवाड़-वागड़ के समस्त क्षत्रिय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त मंच से कहा कि वे भाजपा नेताओं द्वारा राजपूत समाज और महिलाओं के प्रति अशोभनीय बयानों से आहत हैं और समाज के कहने के बावजूद भाजपा द्वारा किसी भी तरह का क्षोभ प्रकट नहीं करने से सम्पूर्ण समाज में नाराजगी है। खासतौर से राजकोट से भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला और गत दिनों चित्तौड़ में हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि जो भाजपा सनातन का दम्भ भरती है, उसी सनातन की रक्षार्थ सिर कटाने वाले राजपूत समाज का अपमान कर रही है। इसी वजह से राजपूत समाज ने निर्णय किया है कि वह चुनाव में वोट का बहिष्कार तो नहीं करेंगे, लेकिन समाज की प्राथमिकता राजपूत प्रत्याशी के प्रति रहेगी। जहां दोनों प्रमुख दलां से राजपूत प्रत्याशी होंगे या एक भी राजपूत प्रत्याशी नहीं होगा वहां पर यह देखा जाएगा कि कौन राजपूत समाज के स्वाभिमान का हितैषी है। मेवाड़ क्षेत्र में आने वाली राजसमंद सीट से भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ को समर्थन के सवाल पर प्रतिनिधियों ने कहा कि चूंकि महिमा कुमारी ने अब तक राजपूत समाज के स्वाभिमान को चोट पहुंचाने जैसा न तो बयान दिया है न ही भाजपा द्वारा दिए जा रहे स्पष्टीकरण की वकालत की है।

**आहत**

**ß भाजपा नेताओं द्वारा राजपूत समाज और महिलाओं के प्रति अशोभनीय बयानों से आहत हैं**

## विकास के मूल मंत्र के साथ सिंधिया परिवार प्रचार में जुटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिवपुरी:** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में इस समय चुनाव प्रचार जोरों पर है। केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा परिवार के सदस्य पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया और बेटे महा आर्यमन सिंधिया सीधे जनता के बीच जाकर उनसे बातचीत कर रहे हैं संवाद स्थापित कर रहे हैं और भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं। इसी बीच सिंधिया परिवार द्वारा मोदी की गारंटी और भाजपा के विकास के मूल मंत्र के साथ जनता से संवाद स्थापित किया जा रहा है। भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनहितैषी योजनाओं को सीधे जनता के बीच बताया जा रहा है।

**सिंधिया ने लिखा-गुना क्षेत्र का हर नागरिक उत्साहित:** इसी बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा है कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए गुना क्षेत्र का हर नागरिक उत्साहित है। श्री सिंधिया ने शिवपुरी, गुना व अशोक नगर में अपने जनसंपर्क के दौरान जनता से अपील की है कि एक सुनहरे भविष्य के लिए अपना समर्थन पीएम मोदी को दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प है उसे गुना के हर नागरिक को पूरा करना है। इसको लेकर गुना संसदीय क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह भी देखा जा रहा है।



**वोट की अपील**

**ß 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना है : सिंधिया**

## अखिलेश को अपने लड़ने के लिए कोई सीट नहीं मिल रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता मोहसिन रजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कन्नौज लोकसभा सीट से परिवार के सदस्य को टिकट देने पर अखिलेश यादव को घेरा है। मोहसिन रजा ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि अखिलेश को अपने लड़ने के लिए कोई सीट नहीं मिल पा रही। कन्नौज लोकसभा सीट पर भी परिवार के सदस्य को अखिलेश ने टिकट दे दिया।

मोहसिन रजा ने कहा कि पीडीए का राग अलापने वाली समाजवादी पार्टी की सूची आयी तो उससे साफ हो गया कि अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में अपनी हार स्वीकार ली है। जाहिर सी बात है, अखिलेश यादव इतनी बड़ी पार्टी के मुखिया हैं और ऐसे में उन्हें अपनी नाक बचानी है। साथ ही कार्यकर्ताओं को भी उनकी नाक बचानी है। इसके लिए अखिलेश ने संकेत दे दिया है, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसी तरह कांग्रेस के नेताओं को भी अपनी जीत पर भरोसा नहीं है। भाजपा नेता ने गांधी परिवार पर कहा कि सबसे पहले रायबरेली लोकसभा सीट को सोनिया गांधी ने छोड़ दिया।

## उत्तराखंड : भीषण गर्मी के कारण कम निकले वोटर

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** उत्तराखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। 57.25 फीसदी ही मतदान हुआ है। इसका कारण चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के कारण मतदाताओं के घर से बाहर न निकलना बताया है। उत्तराखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम का कहना है कि इस बार लगभग 2019 के मुकाबले तीन फीसदी मतदान कम हुआ है, जिसका कारण इस बार चुनाव के दिन गर्मी ज्यादा थी इसलिए मतदाता कम ही घर से बाहर निकलें।

**विकास** तो कुछ ऐसे भी आवास हैं जिन्हें लाभ तो मिला लेकिन अब वे अपने आवास को किराए पर दिए हैं

## पीएम आवास : लाभार्थी कभी किराए से रहते थे, आज रख रहे किरायेदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवासीय योजना में बिना किसी जाति, धर्म व भेदभाव के लोगों को आवास दिए गए। इस बात की पुष्टि महानगर के बीचो-बीच रहने वाले लोग करते हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। ऐसे अल्पसंख्यक लोग जो कभी दूसरों के घर किराए से रहते थे। आज स्वयं किराएदार रखने की हैसियत में है। तो कुछ लोग झोपड़ी में रहते थे आज उनका भी अपना आवास है। तो कुछ ऐसे भी आवास हैं जिन्हें लाभ तो मिला लेकिन अब वे अपने आवास को किराए पर दिए हैं। शहर के झोकनगाग इलाके में जो मुस्लिम परिवार पहले झोपड़ी और किराए के मकान में रहते थे। आज उनका अपना पक्का मकान है और उस मकान में किरायेदार रहते हैं। सिविल लाइन स्थित वार्ड नम्बर 55 यूं तो समृद्ध क्षेत्र माना जाता है। लेकिन कुछ कमजोर वर्ग के लोग भी रहते हैं। जब ग्राउंड जीरो पर रिपोर्टिंग करते हुए वार्ड की लाभार्थी नसरीन से इस बारे में जानकारी ली गई। तो उसने बताया कि उसके पति फारुख ड्राइवर है। वह प्राइवेट गाड़ी चलाकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उसने बताया कि पहले वह किराए के मकान में रहती थी उसके तीन छोटे बच्चे हैं जो पढ़ाई कर रहे हैं। 2019 में उसने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया। उसे आवास मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उसने कहा कि उसे आवास के लिए ढाई लाख रुपये दिए गए। इसके बाद ऊपर वाला हिस्सा उन्होंने अपनी कमाई से बनवा लिया और अब वह खुद किराएदार रखने की स्थिति में हैं। वहीं पड़ोस में रहने वाली बानो की बेटी तरन्नुम के नाम भी पीएम आवास है। हालांकि उसकी बेटी तो नहीं मिली लेकिन तरन्नुम की मां बानो ने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ ही रहती है। पहले वह खपरैल टपरे में रहते थे।



**पक्का घर**

**ß शहर के झोकनगाग इलाके में जो मुस्लिम परिवार पहले झोपड़ी और किराए के मकान में रहते थे**